राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात,संस्करण शुक्रवार,03 मार्च-2023 वर्ष-6,अंक-39 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# वाड्रा पर जमीन घोटाले के आरोप

## विधानसभा में हंगामा: मंत्री कल्ला बोले-वाड्रा ने चेक से पेमेंट किया कोई गड़बड़ी नहीं की



जयपुर। विधानसभा में राजसव और सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान रॉबर्ट वाड्रा को लेकर हंगामा हो गया। बीजेपी ने वाड्रा पर जमीन घोटाले का आरापे लगाया तो शिखा मंत्री बीडी कल्ला ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि आप जिस पर आरोप लगा रहे हैं उन्होंने एक पर्से।ट भी गड़बड़ी नहीं की, बीजेपी नेताओं ने भूमिहीन बनकर जमीनें ली और घोटाला किया। इस मामले में पख विपक्ष के बीच जमकार नोकझोंक हुई। अनुदान मांगों पर बहस के दौरान लूणकरणसर से बीजेपी विधायक सुमित गोदारा ने बीकानेर जिले में रॉबर्ट वाड्रा पर जमीन घोटाले का आरोप लगाने से विवाद की शुरूआत हुई। सुमित गोदारा ने कहा कि फायरिंग रेंज की जमीन में घोटाला हुआ, जो किसान फायरिंग रेंज की जमीन से माइग्रेट हए उनकी भूमि को लोगों ने कौड़ियों के दाम खरीदकर करोड़ों कमाए हैं। दिल्ली से रॉबर्ट वाड्रा ने वहां आकर जमीनें ली उसका नाम ईडी में आया। सुमित गोदरा के रॉबर्ट वार्डा पर आरोप लगाने पर शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जो सदन का मेंबर नहीं, उसका नाम लेना गलत है। इस पर सुमित गोदारा ने पलटवार करते हुए कहा कि अंबानी-अडाणी भी सदन के मेंबर नहीं है, उन पर तो आप खूब आरोप लगाते हो। मंत्री कल्ला ने कहा- जो जमीन ली गई है उनमें अधिकांश लोग बीजेपी के हैं। भाजपा के लोगों ने पांच से 10 हजार बीघा की जमीनों को लाखों में बेचा। आपने जिनका नाम लिय उन्हें एक परसेंट गड़बड़ नहीं की। गड़बड़ भाजपा के लोगों ने की है। बीजेपी के लोगों ने भूमिहीन बनकर जमीन ली। वाड्रा



ने चेक से पेमेंट किया, रजिस्ट्री हुई है उसका पूरा पैसा दिया है। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कल्ला पर पलटवार करते हुए कहा-मंत्री जी ने जिस शख्स का नाम लेकर कहा, वह सारा मामला कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने बीजेपी के लोगों पर ही आरोप लगा दिए। मेरी मांग है सरकार एक कमीशन बना दे तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। मंत्रीजी, चोर की दाढ़ी में तिनका है। वाड्रा ने बीकानेर जिले में जमीन नहीं खरीदी है यह साबित कर दो, गलत हुआ तो या तो मैं इस्तीफा दे दूंगा अन्यथा आप दे देना। यह मेरा चैलेंज है। कल्ला ने कहा-वाड्रा ने भूमिहीन बनकर जमीन नहीं ली, भूमिहीन बनकर बीजेपी के लोगों ने जमीन ली। वाड्रा ने चेक से पेमेंट दिया है, रजिस्ट्री का पूरा पैसा दिया है। सुमित गोदारा ने कहा- आपको पता था कि यहां सोलर प्लांट आने वाला है, इसलिए उन्होंने पहले जमीन ली यह तो भ्रष्टाचार हुआ है। कोलायत के विधायक और मंत्री ने भी वहां जमीन ली है। कल्ला ने कहा कि मेरी तो एक बीघा जमीन नहीं है। इस पर सुमित गोदारा ने कहा आप नहीं आपके साथी मंत्री ने खरीदी है। सारे आवंटनों की जांच करवा लीजिए। फील्ड फायरिंग रेंज में आपके कोलायत वाले मंत्री को जमीन आवंटित हुई कि नहीं हुई। उपनेता प्रतिपक्ष राठौड़ बोले- बालोतरा जिला नहीं बना तो मदन प्रजापत कपड़े भी त्याग देंगे, बिना कपड़ों के मेरा भाई सदन में आएगा यह देख मेरी आत्मा कांप जाएगी विधानसभा में राजस्व की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक मदन प्रजापत ने बालोतरा को जिला बनाने की मांग फिर से उठाई।

## संक्षिप्त

### सुष्मिता को पड़ा दिल का दौरा



मुम्बई। सुष्मिता सेन जिन्हें बॉलीवुड की सबसे फिट में से एक कहा जाता है। उन्होंने अपने बारे में एक ऐसी खबर साझा की जिसने प्रशंसकों को चौंका दिया। गुरुवार को अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर प्रशंसकों को सूचित किया कि उन्हें कुछ दिन पहले दिल का दौरा पड़ा था। उनकी एंजियोप्लास्टी भी करानी थी। हालांकि, वह अब ठीक है। सुष्मिता सेन सभी फिटनेस उत्साही लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं। हालांकि दो दिन पहले उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा, "अपने दिल को खुश और साहसी रखें, और जब आपको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होगी तो यह आपके साथ खड़ा रहेगा" (मेरे पिता @शेल्ल२४१ द्वारा समझदार शब्द) मुझे कुछ दिन पहले दिल का दौरा पड़ा था। एंजियोप्लास्टी हुई। स्टेंट लगा है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मेरे हृदय रोग विशेषज्ञ ने पुष्टि की कि 'मेरा दिल बड़ा है' बहुत से लोगों को उनकी समय पर सहायता और रचनात्मक कार्रवाई के लिए धन्यवाद देना चाहिए। किसी अन्य पोस्ट में करेंगे! यह पोस्ट सिर्फ मेरे शुभचिंतकों और प्रियजनों को खुशखबरी से अवगत कराने के लिए है। सब ठीक है और मैं फिर से जीवन के लिए तैयार हूँ !!!


### पूर्वोत्तर में जीत पर पीएम ने कार्यकताओं का जताया आभार



**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकताओं का आभार जताया है। त्रिपुरा के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राज्य के विकास को बढ़ावा देना जारी रहेगा। प्रधानमंत्री रात आठ बजे भाजपा मुख्यालय से संबोधित करेंगे। इस दौरान वह तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों पर अपनी बात रखेंगे।

# जी20: विदेश मंत्रियों की बैठक

## यूक्रेन युद्ध को लेकर साझा बयान पर नहीं बन सकी सहमति, जयशंकर ने कही ये बात



**नई दिल्ली।** आम सहमति बनाने के प्रयासों के बावजूद जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध पर साझा बयान जारी न हो सका।

हालांकि, भारत की मेजबानी में हुई बैठक में सारांश और परिणाम दस्तावेज अपनाया गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैठक में यूक्रेन संघर्ष से संबंधित मुद्दे थे।

कई राजनयिकों ने कहा कि यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिम और रूस-चीन गठजोड़ के बीच गहरे मतभेद हैं। जयशंकर ने कहा कि इस मुद्दे पर अलग-अलग विचार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि परिणाम और सारांश दस्तावेज वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए जी-20 के संकल्प को दर्शार्ता है। उन्होंने कहा कि बैठक में कई ऐसे मुद्दे थे जहां सहमति बनी है। जयशंकर ने यह भी बताया कि जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की गई।

# पूर्वोत्तर में 'हाथ' की सफाई, बंगाल, तमिलनाडु उपचुनाव ने पार्टी के लिए थोड़ी खुशियां लाई

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर के चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन उसकी अपनी उम्मीदों से काफी नीचे था, केवल तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के उपचुनावों के नतीजों ने उसे कुछ खुशी दी। हालांकि त्रिपुरा और मेघालय विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन उसकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन पार्टी त्रिपुरा में कुछ सीटों पर जीत हासिल करके और मेघालय विधानसभा में कुछ उपस्थिति बनाए रखकर कुछ उम्मीद कर सकती है। . नागालैंड में पार्टी को ज्यादा उम्मीद नहीं थी। मेघालय में कांग्रेस 2018 के चुनावों में 21 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन इस बार एक भी विधायक के बिना चुनाव में उतरी। नवंबर 2021 में पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा सहित 12 विधायक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में चले गए। अन्य लोग भी कांग्रेस छोड़ से कूद गए और अन्य दलों में शामिल हो



गए। कांग्रेस त्रिपुरा में तीन सीटों पर आगे चल रही थी और मेघालय में 5 सीट जीत दर्ज की है। जबकि नगालैंड में उसका खाता भी नहीं खुला है। मेघालय में कांग्रेस बड़ी संख्या में नए चेहरों के साथ चुनाव में उतरी थी। इसके 60 उम्मीदवारों में से 47 की उम्र 45 साल से कम थी। त्रिपुरा में पिछली बार कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। इस बार वह तीन सीटों पर आगे है। पार्टी ने जिन 13 सीटों पर चुनाव लड़ा उनमें से पांच से आठ सीटें जीतने की उम्मीद की थी। माकपा ने कांग्रेस नेतृत्व से कहा था कि वाम दल 25 से 29 सीटें जीतेंगे। लेकिन लेफ्ट, जिसके पास पिछली बार 16 सीटें थीं, अब तक केवल 11 सीटों पर आगे चल रहा है।

# सपा के वॉकआउट पर सीएम योगी का तंज

## कहा- अच्छा होता वो चर्चा में भाग लेते, लेकिन वो भाग खड़े हुए

लखनऊ। यूपी विधानसभा सत्र के 10वें दिन सीएम योगी ने बजट पर विधान परिषद में संबोधन दिया। सीएम योगी ने कहा, "2017 के पहले संगठित अपराध के साथ पैरलल सरकार चलती थी। बहन बेटियों को सुरक्षा का खतरा था। आज 6 वर्ष में यूपी की पहचान बदली। नौजवान आज गर्व से कहता है कि वह उत्तर प्रदेश का है। आज बेहतर लॉ एंड ऑर्डर है। बेहतर कनेक्टिविटी है। हमने सेक्टोरियल पॉलिसी बनाई। एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया। आज हमारे पास भारी भरकम लैंड बैंक मौजूद है।" विधान परिषद से समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने दिनभर के लिए वॉकआउट कर दिया। उट योगी ने कहा, "ये लोग प्रदेश के बच्चों के हक को हड़प जाते थे। तब आपको जाति नहीं याद आती थी क्या? तुलसीदास ने मध्यकाल में ही कहा था कि मेरा एक ही राजा है, राजा राम। उत्तर प्रदेश में जिन्होंने राम को कोसा था और कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। उन्हें जनता ने कहां पहुंचा दिया... देख सकते हैं। अच्छा होता वो चर्चा में भाग लेते, लेकिन वो भाग खड़े हुए।" सीएम योगी ने कहा, "इन्वेस्टमेंट के लिए पहली



बार टीम यूपी देश के बाहर गई। देश के अलग अलग महानगरों में रोड शो किया गया। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेश समिट का आयोजन हुआ। इसी के साथ प्रदेश में जी-20 का भी आयोजन हुआ। प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन हुआ। पहले इन्वेस्टर समिट दिल्ली, मुंबई में होते थे। 33 लाख के निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश के हर क्षेत्र के लिए आए।" सीएम योगी ने कहा, "ये बजट समग्र विकास के लिए आत्मनिर्भर बनाने वाला है। वन ट्रिलियन इकॉनमी के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने जो कहा, कर के दिखा दिया। इस बजट में हमने लोक कल्याण संकल्प पत्र के वादों को शामिल किया है। स्टेट एक्साइज में आज 45 हजार करोड़ का लाभ प्राप्त हो रहा है। ये पैसे प्रदेश के थे। ये पहले इंग्लैंड में होटल और ऑस्ट्रेलिया में टापू खरीदने में चला जाता था।" कांग्रेस विधानमंडल दल की नेत्री आराधना मिश्रा मोना ने कहा- प्रयागराज में दिनदहाड़े मौत के घाट उतार दिया। हत्यारों ने बेहतर तरीके से घटना को अंजाम दिया। सरकार को सच का आइना देख लेना चाहिए। यूपी में कौन-सा ऐसा दिन है, जिस दिन अपराधी घटना करके सलामी नहीं देते हैं। सरकार कितनी गंभीर है। कानून व्यवस्था और अर्थव्यवस्था पर सरकार असफल हो चुकी है। तीनों राज्यों के नतीजे आने पर समीक्षा की जाएगी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- उमेश पाल और उनकी सुरक्षा में लगे 2 जवानों की शहादत हुई है। 3 हत्या करने वाले अपराधियों को खोज निकालना पुलिस की ड्यूटी है। अपराधी चाहे जहां छिपे हों उनको खोज निकालेंगे। उनके आगे-पीछे, ऊपर-नीचे जो होंगे, उनकी भी जांच होगी।

# वाराणसी एयरपोर्ट, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति भवन पर ड्रोन हमले की धमकी, गुमनाम चिट्ठी से हड़कंप

नई दिल्ली। चिट्ठी से हड़कंप वाराणसी के बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति भवन सहित देश के महत्वपूर्ण ठिकानों को ड्रोन हमले से उड़ाने की धमकी दी गई है। एयरपोर्ट निदेशक के नाम आई गुमनाम चिट्ठी को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सुरक्षा अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने फूलपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। धमकी भरी चिट्ठी मिलने के बाद बाबतपुर एयरपोर्ट परिसर के अंदर से लेकर बाहर तक अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। पार्किंग एरिया से लेकर पोर्टिको तक पुलिसकर्मी मुस्तैद हैं। एयरपोर्ट के अंदर सीआईएसएफ के जवान सतर्कता के साथ निगरानी कर रहे हैं। ऑपरेशनल क्षेत्र के वॉच टॉवर पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट किया गया है। वाराणसी हवाई क्षेत्र में कहीं भी ड्रोन दिखाई देने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचना देने और प्रभावी कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया है। एयरपोर्ट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक डाक के माध्यम से गुरुवार को निदेशक के नाम एक चिट्ठी आई।

# गृह मंत्री अमित शाह से मिले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, इन मुद्दों पर हुई बात

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली में उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट की मुलाकात हुई है। मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई है जिनमें पाकिस्तान से आने वाले ड्रोन और ड्रग तस्करी भी शामिल है। इसको लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने के बाद सीमा पर ड्रोन और ड्रग्स के मुद्दे पर चर्चा हुई है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा



कि सीमा पर कांटेदार तार को स्थानांतरित करने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। भगवंत मान ने अपने ट्वीट में यह भी लिखा कि पंजाब की रुकी हुई ग्रामीण विकास निधि को जल्द जारी करने का आग्रह किया है। साथ ही साथ केंद्र पंजाब कानून व्यवस्था के मुद्दे पर एक साथ काम करेगा। आपको बता दें कि अमित शाह के साथ भगवंत मान की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब पंजाब सरकार और राज्यपाल के बीच वहां लगातार सियासी जंग छिड़ी हुई है। पंजाब सरकार लगातार राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित की भूमिका पर सवाल उठाती रही है। पंजाब सरकार का दावा है कि राज्यपाल को सरकार के अनुसार ही चलना होगा, लेकिन यहां पर उनके द्वारा सिर्फ काम में अड़ंगा डाला जाता है। पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार राज्य में कथित रूप से बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्षी दलों के निशाने पर है। एक ओर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में राज्यपाल शासन लागू करने की मांग की है।

# ड्रॉप्सी से परिवार के तीन लोगों की हुई मौत

**प्रयागराज। प्रयागराज में ड्रॉप्सी बीमारी से 15 दिनों में एक परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई है। इसमें पति-पत्नी और पोती शामिल हैं। जबकि दो बेटों की हालत गंभीर है। दोनों क्ठव में भर्ती हैं। बहू का भी जनरल वार्ड में इलाज चल रहा है। इसके अलावा दो बच्चों की हालत में सुधार होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। घटना मऊआइमा की है। डॉक्टरों का कहना है कि यह सभी ड्राप्सी (खराब या मिलावटी सरसों के तेल के सेवन से होने वाली बीमारी) नामक बीमारी से पीड़ित हैं। रफ्ठ अस्पताल में डॉक्टरों की विशेष टीम उनके इलाज में लगी है। पीड़ित परिवार मऊआइमा के जोगीपुर फतेह शाह का पूरा गांव का रहने वाला है। स्वास्थ्य विभाग**



**और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम की मामले की जांच में जुट गई है। जोगीपुर गांव के रहने वाले सहदेव के परिवार में 8 लोग थे। इसमें सबसे पहले 11 वर्षीय तमन्ना बीमार हो गई। अचानक उसके हाथ और पैर में सूजन होने लगा। परिवार के लोग जब तक समझ पाते तब तक 28 जनवरी को उसकी मौत हो गई है। इसके बाद परिवार के मुखिया सहदेव (60 वर्ष) और उनकी पत्नी जानकी देवी की तबीयत बिगड़ने लगी। 12 फरवरी को पति-पत्नी की मौत हो गई। इसके बाद गांव और घर के लोग सहम गए। गांव के प्रधान ने मामले की जानकारी सीएचसी अधीक्षक को दी। सूचना पाकर सीएचसी अधीक्षक डॉ. रामगोपाल वर्मा पहुंचे और वह पूरा मामला समझ गए।**

**इसी बीच परिवार में पांच और सदस्य भी अस्वस्थ होने लगे। पांचों को तत्काल रफ्ठ हास्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां रामकुमार, उनकी पत्नी ललिता देवी और भाई इंद्र कुमार 15 दिनों से इलाज चल रहा है। जबकि दो बच्चों आयुष और महक की हालत में सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. रामगोपाल वर्मा ने बताया, "पीड़ित परिवार के सैंपल जांच के लिए राजकीय लैब भेजा गया था। इसकी रिपोर्ट भी आ चुकी है। इसमें ड्रॉप्सी बीमारी होने की पुष्टि हुई है।' सहायक आयुक्त (खाद्य) ममता चौधरी ने दैनिक भास्कर को बताया कि पीड़ित परिवार ने सरसों का तेल बाहर से नहीं लिया था बल्कि उसके खेत का सरसो है। संभावना है कि उस परिवार के खेत में आजीमीन आदि खरपतवार रहे हों जिससे यह दिक्कत हुई है। रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि परिवार ड्रॉप्सी नामक बीमारी से ग्रसित है।**



## ट्विटर के पूर्व सीईओ डोर्सी ने लॉन्च किया ब्लूस्काई

**वाशिंगटन ।** माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफार्म ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी ने एक नया ऐप्लीकेशन लॉन्च किया है। ब्लूस्काई नाम का ये ऐप ट्विटर के जैसा ही है। इसका इंटरफेस भी माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर जैसा है। जिस तरह ट्विटर पर लोग ट्वीट, लोगों को फॉलो आदि कर पाते हैं ठीक वैसे ही ये ऐप भी काम करता है। ट्विटर जहां एक तरफ आपको वाटस हैप्पे निंग पूछता है तो वहीं ये ऐप आपको वाटस अप ? कहता है। फिलहाल ऐप डेवलपिंग फेज में है जिसमें आने वाले समय में कंपनी और इंप्रूवमेंट करेगी। फिलहाल यह ऐप अभी टेस्टिंग फेज में है। हालांकि, इसे एप्पल स्टोर पर उपलब्ध कराया गया है। ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही सभी यूजर्स इस ऐप को इस्तेमाल कर सकेंगे। ब्लूस्काई ऐप को 17 फरवरी को पेश किया गया था। यह ऐप फिलहाल टेस्टिंग फेज में है, ऐसे में टेस्टिंग के लिए इसे 2000 से ज्यादा यूजर्स द्वारा इंस्टॉल किया जा चुका है। सभी इम्प्रूवमेंट्स और सुधार सुनिश्चित करने के बाद इस ऐप को सभी यूजर्स के लिए लाइव कर दिया जाएगा। इसके अलावा इसे एप स्टोर पर भी रिलीज कर दिया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही इस ऐप को पब्लिक के लिए रोलआउट कर दिया जाएगा। फिलहाल, यह इन्वाइट-ओनली बीटा के जरिए ही एक्सेस किया जा सकता है।

## फरवरी में लौह अयस्क का उत्पादन चार प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** एनएमडीसी लिमिटेड ने फरवरी 2023 में अपने लौह अयस्क उत्पादन में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी का लौह अयस्क उत्पादन एक साल पहले के 43.1 लाख टन की तुलना में फरवरी, 2023 में बढ़कर 44.8 लाख टन हो गया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा` कि फरवरी, 2023 में लौह अयस्क की बिक्री 4.78 प्रतिशत घटकर 37.8 लाख टन रह गई, जो पिछले साल के इसी महीने में 39.7 लाख टन थी। अप्रैल-फरवरी की अवधि के दौरान एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन 4.19 प्रतिशत घटकर तीन करोड़ 56.2 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में तीन करोड़ 71.8 लाख टन था। अप्रैल-फरवरी 2022-23 में लौह अयस्क की बिक्री भी एक साल पहले के तीन करोड़ 65.7 लाख टन से 8.61 फीसदी कम होकर तीन करोड़ 34.2 लाख टन रह गई।

## एफसीआई ने ओएमएसएस के तहत 5.40 लाख टन गेहूं बेचा



**नई दिल्ली ।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने ई-नीलामी के चौथे दौर में आटा चक्की जैसे थोक उपभोक्ताओं को 5.40 लाख टन गेहूं बेचा। पिछले तीन दौर में खाद्यान्न और गेहूं के आटे की खुदरा कीमतों को कम करने के प्रयास के तहत खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत लगभग 18.05 लाख टन गेहूं थोक उपयोगकर्ताओं को बेचा गया था। अगली साप्ताहिक ई-नीलामी आठ मार्च को होगी। एक सरकारी बयान में कहा गया कि कुल 11.57 लाख टन गेहूं की पेशकश की गई और 23 राज्यों में 1,049 बोलीदाताओं को 5.40 लाख टन गेहूं बेचा गया। चौथी नीलामी के दौरान गेहूं अखिल भारतीय भारित औसत आरक्षित मूल्य 2,137.04 रुपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया था। इसमें कहा गया है कि अधिकतम मांग 100 से 499 टन की सीमा में गेहूं की मात्रा के लिए थी। बयान में कहा गया कि नीलामी के दौरान उद्धृत कुल मूल्य से पता चलता है कि बाजार नरम पड़ा है और गेहूं का मूल्य औसतन 2,200 रुपए प्रति क्विंटल से नीचे है। इसमें कहा गया है कि फरवरी के ओ खिर तक बोली लगाने वालों द्वारा करीब 14.35 लाख टन गेहूं का उठाव किया गया। इसका मतलब है कि ओएमएस बिक्री ने पूरे देश में गेहूं और आटा की कीमत को ठंडा करने में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, जो कि खुली बिक्री के लिए भविष्य की निविदाओं के साथ स्थिर रहने की संभावना है।

# अडानी समूह को वेल्थ फंड से मिला 3 अरब डॉलर का कर्जः रिपोर्ट

### क्रेडिट प्रोफाइल के बारे में चिंताओं को कम करने समूह ने लिया यह फैसला

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद भारी नुकसान से जूझ रहे अडानी ग्रुप की ओर से ऋण देने वाले के लिए राहतभरी खबर आई है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि अडानी समूह ने अपने क्रेडिटर्स से कहा है कि उसने एक सॉवरेन वेल्थ फंड से तीन बिलियन डॉलर का ऋण लिया है। सूत्रों की मानें तो क्रेडिट प्रोफाइल के बारे में चिंताओं को कम करने के मकसद से समूह ने यह कदम उठाया है। सॉवरेन वेल्थ फंड की क्रेडिड लिमिट को पांच बिलियन डॉलर तक बढ़ाया जा सकता है। इससे पहले खबर आई थी कि क्रेडिट प्रोफाइल को सुधारने के लिए ग्रुप शेयरों को गिरवी रखकर लिए गए 5705 से 6532 करोड़ रुपए (69 से 79 करोड़ डॉलर) के कर्ज को समय से पहले चुकाने की योजना बना रहा है। माना जा रहा है कि कंपनी मार्च के महीने में ही इन कर्जों का समयपूर्व भुगतान कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अडानी ग्रीन एनर्जी अपने 2024 के बॉन्ड्स को तीन साल के लिए 80 करोड़ डॉलर (लगभग 6615 करोड़ रुपए) के क्रेडिट लाइन पर रीफाइनेंस करने की योजना बना रहा है। बता दें कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद अडानी समूह के कई शेयरों में 80 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। निवेशकों की चिंता को दूर करने के लिए अडानी समूह लगातार निवेशकों के साथ समन्वय बनाने की कोशिश कर रहा है। सोमवार को सिंगापुर में एक दर्जन वैश्विक स्तर के बैंकों के साथ बैठक के बाद ग्रुप दो दिनों का रोडशो कर रहा है। सिंगापुर में ग्रुप की कमाई से लेकर उसके कुल ऋणों के बारे में 10 पेज से अधिक का प्रेजेंटेशन भी पेश किया गया।




## डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी की वजह से गुरुवार के कारोबारी दिन डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोरी के साथ खुला। गुरुवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे की कमजोरी के साथ 82.55 रुपए के स्तर पर खुला। वहीं बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे की मजबूती के साथ 82.50 रुपए के स्तर पर बंद हुआ था। जानकारों के मुतो बिक विदेशी बाजार में मुद्रा में मजबूती की वजह से भारतीय रुपए की धारणा कमजोर हुई है।



## अडानी हिंडनबर्ग मामलाः सुप्रीम कोर्ट ने जांच कमेटी बनाने का दिया आदेश

**- सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सप्रे होंगे समिति के प्रमुख**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी समूह के शेयरों में हाल ही में आई गिरावट की जांच के लिए गुरुवार को एक समिति के गठन करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एएम सप्रे समिति के प्रमुख होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समिति पूरी स्थिति का आकलन करेगी और निवेशकों को इसके बारे में जागरूक करने के उपाय के बारे में कुछ सुझाव देगी। न्यायालय ने केंद्र, वित्तीय सांविधिक निकायों, सेबी चेयरपर्सन को समिति को जांच में पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने आदेश देते हुए कहा कि निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियामक तंत्र के लिए समिति की आवश्यकता थी। भारतीय निवेशकों की सुरक्षा के लिए, हमारा विचार है कि एक समिति होगी। समिति में ओपी भट, न्यायमूर्ति जेपी देवदत्त, नंदन नीलाकेनी, केवी कामथ औ सोमशेखरन सुंदरसन सदस्य के रूप में शामिल हैं। समिति का प्राथमिक उद्देश्य ढांचे को मजबूत करने के उपाय सुझाना, अदाणी की जांच करना और वैधानिक ढांचे को मजबूत करने के उपाय सुझाना होगा। सेबी के अध्यक्ष समिति को आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे। समिति को दो महीने के भीतर शीर्ष अदालत के समक्ष एक सीलबंद कवर में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। साथ ही सेबी ने जांच कराने को भी कहा है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा है कि सेबी इस बात की भी जांच करेगा कि क्या सेबी के नियमों के एस19 का उल्लंघन हुआ है, क्या स्टॉक की कीमतों में कोई हेरफेर हुआ है। दो महीने के भीतर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की जाएगी।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### निवेशकों ने गंवाये एक लाख करोड़

**मुम्बई । (एजेंसी)**

मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के कारण बिकवाली हावी होने से साप्ताहिक एक्सपायरी के दिन बाजार में यह तेजी आई। कारोबार के दौरान आज बाजार में आईटी, वाहन और बैंकिंग शेयरों में गिरावट आई जबकि रियल्टी और पीएसई शेयरों में खरीदारी दर्ज की गयी। इसके अलावा एफएमसीजी और इंफ्रा शेयरों में गिरावट रही। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 501.73 अंक करीब 0.84 फीसदी टूटकर 58,909.35 अंक पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 129.00 अंक तकरीबन 0.74 फीसदी फिसलकर 17,321.90 के स्तर पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान ब्रिटेनिया इंडस्ट्रीज , पॉवर ग्रेड कारपोरेशन, सिप्ला, बीपीसीएल और एसबीआई लाईफ इंश्यूरेंस निफ्टी के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे जबकि अडाल इंटरप्राइसेस , हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, यूपीएल, एसबीआई और एक्सिस बैंक निफ्टी के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 2,60,93,076 करोड़ से नीचे आकर 2,59,95,474 करोड़ रह गया। इस कारण से निवेशकों को एक लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। इससे पहले आज आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। निवेशकों ने गुरुवार को सुबह कारोबार की शुरुआत ही बिकवाली और मुनाफावसूली के साथ की।

आज घरेलू निवेशकों पर वैश्विक बाजार में चल रही मुनाफावसूली का भी नकारात्मक असर दिख रहा है। सेंसेक्स सुबह 124 अंकों की गिरावट के साथ 59,287 पर खुला और कारोबार शुरू किया, जबकि निफ्टी 29 अंक टूटकर 17,422 पर खुला। निवेशकों का रुख आज शुरू से ही नकारात्मक रहा। लगातार बिकवाली और मुनाफावसूली की वजह से सुबह से ही बाजार नीचे जाने लगा।


निवेशकों ने शुरुआत से ही बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, हीरो मोटोकॉर्प, जेएसडब्ल्यू स्टील और टाटा स्टील जैसी कंपनियों पर जमकर दांव लगाया और ये स्टॉक सबसे ज्यादा लाभ वाले शेयरों में आ गये। दूसरी ओर अडानी इंटरप्राइजेस, टीसीएस, इंफो सिस, मारुति सुजुकी और पावर ग्रिड कारपोरेशन जैसी कंपनियों पर दबाव है और इनके शेयरों में बिकवाली से ये सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर की सूची में आ गईं।




# अंबानी अब जीनोम टेस्टिंग के लिए सस्ता किट लाने की तैयारी में

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

अरबपति मुकेश अंबानी हेल्थकेयर सेक्टर में धमाका करने जा रहे हैं। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन जीनोम टेस्टिंग के लिए किट लाने की तैयारी कर रहे हैं। इस किट की कीमत बाजार से करीब 86 फीसदी कम होगी। इस तरह रिलायंस जैनेटिक मैपिंग बिजनस में प्रवेश लेने जा रहा है। अंबानी अमेरिकी स्टार्टअप 23 एंडमी द्वारा शुरु किए गए हेल्थकेयर ट्रेंड को भारत में भी लाना चाहते हैं। वे भारत के बढ़ते कंज्यूमर मार्केट में हेल्थकेयर को अधिक किफायती और व्यापक बनाना चाहते हैं। रिलायंस ग्रुप कुछ ही हफ्तों में 12,000 रुपए कीमत का एक व्यापक जीनोम टेस्टिंग किट लाने जा रहे हैं। स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज प्राइवेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने ही प्रोडक्ट को डेवलप किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बेंगलुरु बेस्ड इस फर्म को साल 2021 में खरीदा था। अब ग्रुप की इस कंपनी में 80 फीसदी हिस्सेदारी है।इस समय दूसरों द्वारा ऑफर किए जारी जीनोम टेस्टिंग किट की तुलना में रिलायंस की किट 86 फीसदी सस्ती है। इस किट के जरिए कैंसर, हार्ट अटैक, न्यूरो से जुड़ी बीमारियों के साथ-साथ आनुवांशिक समस्याओं के बारे में किसी व्यक्ति की प्रवृति को सामने लाती है। इससे पहले से ही पता लग जाता है कि किसी व्यक्ति को कोई बीमारी होने की कितनी संभावना है।



## चालू वित्त वर्ष के पहले कोल इंडिया का उत्पादन 14 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली ।** सरकारी स्वामित्व वाली कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह अप्रैल-फरवरी में 61 करोड़ 97 लाख टन कोयले का उत्पादन किया, जो वर्ष-दर-वर्ष 14.3 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है। इस महारत्न कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 54.2 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था। कोल इंडिया ने कहा कि यह प्रगतिशील लक्ष्य के मुकाबले 100 प्रतिशत उपलब्धि को दर्शाता है। सीआईएल 7.73 करोड़ टन के उत्पादन के साथ वित्त वर्ष 2022-23 के 70 करोड़ टन के उत्पादन लक्ष्य को पार करने की राह पर है। कोयला क्षेत्र की दिग्गज कंपनी की सभी अनुषंगी कंपनियों ने पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की है। धनबाद स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने पहले ही 27 फरवरी को 3.2 करोड़ टन के अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पूरा कर लिया है।

# एनसीएलएटी ने ऋणदाताओं को एक और बोली दौर की अनुमति दी

### - रिलायंस कैपिटल (आरकैप) का समाधान मामला, कर्ज में डूबी आरकैप दिवाला प्रक्रिया में है

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के समाधान के मामले में ऋणदाताओं की नीलामी की एक और दौर की याचिका को स्वीकार कर लिया है। कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल फिलहाल दिवाला प्रक्रिया में है। एनसीएलएटी ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) के पास ऊंची बोली के प्रयास करने का अधिकार है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने सीओसी को चुनौती तंत्र को जारी रखने और दो सप्ताह बाद बोलियां आमंत्रित करने की अनुमति दी है। एनसीएलएटी ने यह आदेश विस्ट्रा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड की याचिका पर दिया है। विस्ट्रा अनिल अंबानी प्रवर्तित कंपनी के ऋणदाताओं में से है। याचिका में एनसीएलटी के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें दिवालिया कंपनी के लिए और नीलामी पर रोक लगाई गई थी। रिलायंस कैपिटल के मामले में टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने 8,640 करोड़ रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई थी। हालांकि, कंपनी की ऋणदाताओं की समिति ने दूसरा चुनौती तंत्र चलाने का फैसला किया। उसके बाद हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लि. (आईआईएचएल) ने संशोधित बोली जमा कराई। टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने एनसीएलटी की मुंबई पीठ के समक्ष इसे चुनौती दी। एनसीएलटी ने दो फरवरी को कहा कि वित्तीय बोली के लिए चुनौती व्यवस्था या तंत्र 21 दिसंबर, 2022 को पूरा हो गया है। इसके बाद टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने नौ जनवरी को नई याचिका दायर कर न्यायाधिकरण से ऋणदाताओं की नए सिरे से नीलामी की योजना पर रोक लगाने की अपील की। बाद में आईआईएचएल ने भी एक याचिका दायर कर एनसीएलटी के आदेश को चुनौती दी। आईआईएचएल ने एनसीएलटी के आदेश के खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील की। समाधान प्रक्रिया से गुजर रही रिलायंस कैपिटल पर कुल 40,000 करोड़ रुपए का कर्ज है।




# शाओमी 13 स्मार्टफोन सीरीज लॉन्च होगी

### -स्मार्टफोन में होंगे कई बड़े बदलाव

**नई दिल्ली ।**

भारत में शाओमी कंपनी द्वारा प्रीमियम शाओमी 13 स्मार्टफोन सीरीज को लॉन्च किया जाएगा । कंपनी ने ट्विटर पर शाओमी ने अपनी प्रमुख स्मार्टफोन सीरीज के साथ भारत में एमआईयूआई 14 के लॉन्च की पुष्टि की। एमआईयूआई इंडिया ने ट्वीट किया, किया कि आप जो खोज रहे हैं, वह आपको मिल ही जाएगा। सएमआईयूआई 14 को हैलो कहने का समय आ गया है। जिसका आप इंतजार कर रहे थे! भारत-एक्सक्लूसिव स्रेडी स्टडी स्मूथ अनुभव के लिए हमसे जुड़ें। एमआईयूआई14 को चीनी स्मार्टफोन निर्माता द्वारा चीन में पहले ही लॉन्च किया जा चुका है।इसके साथ ही यह भी पुष्टि की गई है कि भारतीय बाजार के लिए कुछ विशेष सुविधाओं के साथ, इसी वर्जन को भारत में भी लॉन्च किया जाएगा।एंड्राएड 13 पर आधारित एमआईयूआई14 में अल्ट्रा-स्मॉल फर्मवेयर और कम प्री-इंस्टॉल्ड एप्लिकेशन हैं, जिन्हें अनइंस्टॉल नहीं किया जा सकता है। शाओमी ने अपने यूजर इंटरफेस के लेटेस्ट वर्जन में एप्लिकेशन क्लिनिंग और बेहतर नोटिफिकेशन मैनेजमेंट भी पेश किया है। शाओमी ने यह भी घोषणा की है कि उसका शाओमी 13 प्रो स्मार्टफोन अगले हफ्ते भारत में लॉन्च किया जाएगा, लॉन्च इवेंट को कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया चैनलों पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। शाओमी13 प्रो को पहले ही चीन में लॉन्च किया जा चुका है, जो क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 जीईएन 2 चिपसेट और 16जीबी तक रैम के साथ आता है। एंड्राएड 13 ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलने वाले इस स्मार्टफोन में 50एमपी का ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है।

# गौतम अडानी अमीर लोगों की सूची में 28वें स्थान पर

### - गौतम अडानी ने अपनी संपत्ति में 3.14 अरब डॉलर जोड़े, उनकी कुल संपत्ति 43.1 अरब डॉलर हुई

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

गौतम अडानी की संपत्ति में बुधवार को अच्छा-खासा इजाफा हुआ है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार गौतम अडानी ने अपनी संपत्ति में 3.14 अरब डॉलर (2,59,23,84,00,000 रुपए) जोड़े हैं। संपत्ति में इस इजाफे से गौतम अडानी दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में 28वें स्थान पर आ गए हैं। उनकी कुल संपत्ति अब 43.1 अरब डॉलर हो गई है। इस साल अब तक उनकी नेटवर्थ में 77.5 अरब डॉलर

(63,98,12,10,00,000 रुपए) की गिरावट आई है। दुनिया के अमीरों की इस सूची में अब पहले स्थान पर बर्नार्ड अरनॉल्ट और दूसरे स्थान पर एलन मस्क हैं। गौतम अडानी इस सूची में तीसरे स्थान पर थे, लेकिन हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद वे इस सूची में गिरते चले गए। 24 जनवरी को यूएस शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने अडानी ग्रुप पर एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट के बाद से अडानी ग्रुप की कंपनियों के मार्केट कैप में 150 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। हालांकि, बीते कुछ दिन से अडानी के शेयरों में उछाल देखने को मिल रहा है। अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 17.10 रुपए बढ़कर 1581.65 रुपए पर कारोबार करता दिखाई दिया। यह शेयर आज गिरावट के साथ 1501 रुपए पर खुला था। कंपनी का मार्केट कैप बीएसई पर बढ़कर 1,80,570 करोड़ रुपए पर आ गया है। अडानी पोर्ट का शेयर गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 5.95 रुपए बढ़कर 608.10 रुपए पर कारोबार करता दिखा। यह शेयर आज 602.15 रुपए पर खुला था। इसका मार्केट कैप बढ़कर 1,31,314.85 करोड़ रुपए हो गया है।

अडानी पावर के शेयर में अपर सर्किट लगा हुआ है। यह आज अपर सर्किट पर ही खुला था। यह शेयर 7.65 रुपए बढ़कर 161.40 रुपए पर आ गया है। अडानी ट्रांसमिशन के शेयर में भी आज अपर सर्किट लगा है। यह शेयर 33.70 रुपए बढ़कर 708.35 रुपए पर आ गया है। यह आज 706.40 रुपए पर खुला था।

अडानी ग्रीन के शेयर में भी आज अपर सर्किट लगा है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत कुछ राज्यों में बदली

### - ब्रेंट क्रूड का भाव करीब एक डॉलर चढ़कर 84.16 डॉलर प्रति बैरल



**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर तेजी आनी शुरू हो गई है। ब्रेंट क्रूड का भाव तो 84 डॉलर को भी पार कर गया है। गुरुग्राम, पटना और लखनऊ में तेल की कीमतों में बड़ा बदलाव दिख रहा है। हालांकि, दिल्ले ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 10 पैसे महंगा होकर 96.57 रुपए लीटर बिक रहा है। डीजल भी 10 पैसे चढ़ा और 89.76 रुपए लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 38 पैसे चढ़कर 107.62 रुपए लीटर हो गया तो डीजल 35 पैसे महंगा होकर 94.39 रुपए लीटर बिक रहा है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 19 पैसे चढ़ा और 96.96 रुपए लीटर रहा, जबकि डीजल 18 पैसे महंगा होकर 89.83 रुपए लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन उछाल दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब एक डॉलर चढ़कर 84.16 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी एक डॉलर बढ़त के साथ 77.50 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 96.96 रुपए और डीजल 89.83 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.62 रुपए और डीजल 94.39 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

## महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स टीम की मेंटोर रहेंगी मिताली



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज शनिवार को होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) के उद्घाटन समारोह में एक अलग ही अंदाज में नजर आयेंगी। डब्लूपीएल की शुरुआत 4 मार्च को मुंबई के डी वाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में होगी। इस लीग का पहला मैच गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस की टीम के बीच खेला जाएगा। मिताली इस लीग में एक नई भूमिका में दिखेंगी। मिताली ने पिछले साल क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास लिया था। अब वह डब्लूपीएल में गुजरात जायंट्स टीम में मेंटोर की भूमिका में नजर आयेंगी। डब्लूपीएल के शुरू होने से पहले गुजरात जायंट्स टीम ने मिताली का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह श्रीलंकाई मशहूर गाने मानिके मागे हिठे पर डांस कर रही हैं। मिताली के इस अंदाज की प्रशंसकों ने जमकर सराहना की है। इसके साथ ही इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। डब्ल्यूपीएल में कुल 5 टीमें शामिल हैं जो गुजरात जाइंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वारियर्स है।

# WPL 2023 : पांच टीमें, कुल 22 मैच, 3 विदेशी कप्तान

(एजेंसी)।

महिला प्रीमियर लीग (WPL) के पहले सीजन की शुरूआत 4 मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में होने जा रही है। मुकाबला गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। बीसीसीआई ने लीग को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारियां कर ली हैं। भारत में आईपीएल लीग पहले से ही दुनियाभर की सबसे मशहूर लीग में से एक मानी जा चुकी है। वहीं क्रिकेट जगत में आईपीएल से बड़ी कोई लीग नहीं है। अब इसी तरह वुमन प्रीमियर लीग भी ऊंचाईयों को छूने के लिए तैयार हो चुकी है। आइए जानें लीग शुरू होने से पहले कुछ खास बातें-

**पांच टीमें, कुल 22 मैच**

पहली बार शुरू हो रही वुमन प्रीमियर लीग का खिताब जीतने के लिए 5 टीमों के बीच टक्कर देखे को मिलेगी। फाइनल समेत कुल 22 मैच खेले जाएंगे। फाइनल ब्रेबोर्न स्टेडियम, मुंबई में 26 मार्च को खेला जाएगा। चार डबल हेडर होंगे, जो भारतीय समयानुसार पहला मुकाबला दोपहर साढ़े तीन बजे और दूसरा मुकाबला शाम साढ़े 7 बजे शुरू होंगे। 23 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट के सभी मैच मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और ब्रेबोर्न स्टेडियम में होने हैं। दोनों में 11-11 मैच होने हैं।

**कहां और कब देख सकेंगे मुकाबले?**

महिला प्रीमियर लीग 2023 के मुकाबलों का प्रसारण स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क पर किया जाना है। साथ ही जियो सिनेमा ऐप और उसके वेबसाइट के जरिए भी क्रिकेट फैन्स मुकाबले को लाइव देख सकते है।

**3 विदेशी कप्तान**

लीग देशी है, लेकिन दबदबा विदेशी कप्तानों का ज्यादा रहेगा। पांच टीमों में से तीन टीमों के कप्तान विदेशी रखे गए हैं, जोकि बाहरी देशों की खिलाड़ियों का लीग के प्रति ध्यान अधिक आर्षकित करने की अच्छी पहल है।

- दिल्ली कैपिटल्स - कप्तान मेग लैनिंग
- गुजरात जायंट्स - कप्तान बेथ मूनी
- यूपी वारियर्स - कप्तान एलिसा हीली
- मुंबई इंडियंस - कप्तान हरमनप्रीत कौर
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु = कप्तान स्मृति मंधाना

**ऐसा हैं टीमें-**

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर, यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, एमेली केर (न्यूजीलैंड), नेट सिवर (इंग्लैंड), धारा गुज्जर, साइका इशाक, अमनजोत कौर, इसी वॉग (इंग्लैंड), हीथर ग्राहम (ऑस्ट्रेलिया), हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), क्लॉय ट्रायन (साउथ अफ्रीका), हुमेरा काजी, प्रियंका बाला, सोनम यादव, नीलम बिष्ट, जिनटीमानी कालिटा।

**गुजरात जायंट्स :**

एश्ली गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), बेथ मूनी (ऑस्ट्रेलिया), सोफी डंकले (इंग्लैंड), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), हरलीन देओल, डिएंड्र डोटिन (वेस्टइंडीज), स्नेह राणा, एस मेघना, जॉर्जिया वारेहम (ऑस्ट्रेलिया), मानसी जोशी, डायलान हेमलता, मोनिका पटेल, तनुजा कंवर, सुषमा वर्मा, हर्ले गाला, अश्विनी कुमारी, शबनम शकील, पारूनिका सिसोदिया।

**दिल्ली कैपिटल्स :**

जेमिमा रोड्रिग्ज, मेग लेनिंग (ऑस्ट्रेलिया), शेफाली वर्मा, राधा यादव, शिखा पांडे, मैरिजन कैप (साउथ अफ्रीका), तितास साधु, एलिस कैप्सी (इंग्लैंड), तारा नॉरिस (अमेरिका), लॉरा हैरिस (अमेरिका), जेसिया अख्तर, मिन्नू मानी, तानिया भाटिया, पूनम यादव, जेस जोनासन (ऑस्ट्रेलिया), स्नेह दीप्ति, अरुंधति रेड्डी, अपर्णा मोंडल।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर :**

स्मृति मांधना, ऋचा घोष, एलिस पैरी (ऑस्ट्रेलिया), रेणुका सिंह, सोफी डिवाइन (न्यूजीलैंड), हेदर नाइट (इंग्लैंड), मेगन शूट (ऑस्ट्रेलिया), कनिका आहूजा, डेन वैन नीकर्क (साउथ अफ्रीका), एरिन बर्न्स (ऑस्ट्रेलिया), प्रीति बोस, कोमल जानजड, आशा शोभना, दीक्षा कसाट, इंद्राणी रॉय, पूनम खेमनार, सहाना पवार, श्रेयांका पाटिल।

**यूपी वॉरियर्स :**

दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टन (इंग्लैंड), देविका वैद्य, टाहलिया मैक्ग्रा (ऑस्ट्रेलिया), शबनिम इस्माइल (साउथ अफ्रीका), ग्रेस हैरिस (ऑस्ट्रेलिया), एलिसा हीली (ऑस्ट्रेलिया), अंजलि सरवनी, राजेश्वरी गायकवाड़, श्वेता सहरावत, किरण नवगिरे, लॉरेन बेल (इंग्लैंड), लक्ष्मी यादव, पार्श्वी चोपड़ा, एस यशश्री, सिमरन शेख।

# उमेश घरेलू धरती पर सौ विकेट लेने वाले पांचवे भारतीय तेज गेंदबाज बने



इंदौर ।(एजेंसी)

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन तीन विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। उमेश अब घरेलू धरती पर टेस्ट प्रारुप में सौ विकेट पूरे करने वाले पांचवें भारतीय तेज गेंदबाजी बने हैं। उनसे पहले कपिल देव, जवागल श्रीनाथ, जहीर खान और ईशांत शर्मा ने यह मुकाम हासिल किया था। उमेश ने इंदौर टेस्ट के पहले दिन केवल दो ओवर ही किये थे पर दूसरे दिन उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए केवल 12 रने देकर तीन खिलाड़ियों को पेवेलियन भेज दिया। उमेश ने रिवर्स स्विंग का फायदा उठाया और मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर दिया। उमेश ने इसके बाद टोड मर्फी को भी खाता खोले बिना ही पेवेलियन भेज दिया। उमेश ने एक सप्ताह पहले ही अपने पिता को खो दिया था। इसके बाद भी उन्होंने मैच में गेंद और बल्ले से अहम भूमिका निभाई है। इस तेज गेंदबाज ने साल 2017 के बाद से ही 17 टेस्ट मैचों में 68 विकेट लिए हैं।

**देश में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट (तेज गेंदबाज)**

- कपिल देव - 65 मैचों में 219 विकेट
- जवागल श्रीनाथ - 32 मैचों में 108 विकेट
- जहीर खान - 38 टेस्ट मैचों में 104 विकेट
- ईशांत शर्मा - 42 टेस्ट मैचों में 104 विकेट
- उमेश यादव - 31 मैच में 101 विकेट ।


## आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर पहुंचे अश्विन

### ऑलराउंउरों की सूची में जडेजा पहले स्थान पर पहुंचे



**दुबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। अश्विन के शीर्ष पर आने के साथ ही इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन दूसरे स्थान पर खिसक गये हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में छह विकेट लेने के साथ ही अश्विन के अंक बढ़ गये हैं। वहीं एंडरसन ने गत माह 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को पीछे छोड़कर नंबर एक स्थान हासिल किया था। न्यूजीलैंड के विरुद्ध पहले टेस्ट में सात विकेट लेने वाले एंडरसन साल 1936 के बाद से नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बनने वाले सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी थे। वहीं भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी भी एक-एक स्थान आगे बढ़कर चौथे और पांचवें स्थान पर पहुंच गये हैं हालांकि इन दोनो ही खिलाड़ियों ने पिछले साल जुलाई के बाद से एक भी टेस्ट नहीं खेला है। इंग्लैंड के ऑली रॉबिंसन दो स्थान नीचे फिसल गए हैं जिसका लाभी बुमराह और शाहीन को मिला है। वहीं दिल्ली टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले भारत के रविन्द्र जडेजा टेस्ट रैंकिंग में आठवें जबकि ऑलराउंडरों की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गये हैं।अश्विन ऑलराउंडरों में दूसरे स्थान पर हैं।

# तजिंदरपाल और किशोर को इंडियन ओपन में मिला स्वर्ण



विजयनगर ।(एजेंसी)

तजिंदरपाल सिंह तूर ने दूसरी इंडियन ओपन थ्रो और जंप प्रतियोगिता में 19.95 मीटर की थ्रो के साथ ही शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता है। तूर ने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ ही 19 मीटर के निशान को पार करने के साथ ही एशियाई खेलों में एक स्थान के लिए भी क्वालीफाई किया है। यह स्थान पुरुषों के शॉट पुट में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा निर्धारित क्वालीफाइंग मानक है।

वहीं युवा करणवीर सिंह ने 19.54 मीटर के थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा। साहिब सिंह ने 18.77 मीटर के साथ ही कांस्य पर कब्जा किया। वहीं दूसरी ओर, महिलाओं के शॉट पुट में मनप्रीत कौर ने 16.73 मीटर गोला फेंककर स्वर्ण पदक जीता और एशियाई खेलों के क्वालीफिकेशन मार्क 16.30 मीटर को भी पार कर दिया जबकि आभा खटुआ ने 15.06 मीटर की थ्रो के साथ रजत व राजस्थान की कचनार चौधरी ने 14.34 मीटर की थ्रो के साथ कांस्य अपने नाम किया। वहीं पुरुषों के भालाफेंक में ओडिशा के किशोर जेना ने 78.93 मीटर थ्रो के साथ रोहित यादव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ा। रजत पदक पंजाब के सर्बजीत सिंह ने 75.63 मीटर के थ्रो के साथ जीता जबकि अभिषेक द्राल ने 73.51 मीटर के अपने अंतिम थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं पुरुषों की भालाफेंक स्पर्धा में किशोर जेना ने 78.93 मीटर भाला फेंककर जीत दर्ज करने के साथ ही एशियाई खेलों के लिए भी कट बनाया, क्योंकि पुरुषों के भाला फेंकने वालों के लिए प्रवेश मानक 78.23 मीटर निर्धारित किया गया था। करिश्मा सानिल (कर्नाटक) ने महिलाओं की स्पर्धा में 47.60 मीटर के साथ स्वर्ण जीता, जबकि हेमामालिनी नीलकंडा (तमिलनाडु) और प्रिया अत्री (उत्तर प्रदेश) ने अपने-अपने प्रयास 45.78 और 45.75 मीटर के साथ रजत और कांस्य जीता।

## संक्षिप्त समाचार



### श्रेयस अय्यर को स्पिनरों के खिलाफ बेहतर बल्लेबाज नहीं मानते इयान चैपल

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने कहा है कि बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को वह स्पिनरों के खिलाफ बेहतर बल्लेबाज नहीं मानते हैं। चैपल के अनुसार उन्होंने सुना था कि अय्यर स्पिन का अच्छी तरह से सामना करते हैं पर अभी तक उन्हें ऐसा देखने को नहीं मिला है। श्रेयस यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी टेस्ट की पहले पारी में एक रन भी नहीं बना पाये। चैपल के अनुसार वह अभी भी अय्यर की स्पिन खेलने की क्षमता से आश्वस्त नहीं हैं और उन्हें थोड़ा घबराने वाला मानते हैं। अय्यर फिटनेस कारणों की वजह से पहले टेस्ट में नहीं खेल पाये थे पर फिट होने के बाद दूसरे टेस्ट में उन्हें जगह मिल गयी थी। चैपल ने कहा, बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा भी उम्मीदे के अनुसार नहीं खेले। मैं सुनता रहता हूं कि श्रेयस स्पिन गेंदबाजी के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं पर मैंने इसे अभी तक देखा नहीं है और मुझे भरोसा भी नहीं है। मेरे अनुसार वह थोड़ा घबराये हुए हैं। चैपल ने कहा, भारतीय टीम में कुछ खिलाड़ी हैं जिनको वह स्पिनरों के खिलाफ बेहतर बल्लेबाज नहीं मानते। साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों ने पहली पारी में बहुत सटीक गेंदबाजी की पर इस दौरान भारतीय बल्लेबाज हमारे बल्लेबाजों की तरह ही खेलते नजर आये। चैपल ने ऑस्ट्रेलियाई पारी में अर्धशतक लगाने वाले उस्मान ख्वाजा की जमकर प्रशंसा की। इस पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, जब ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी की, विशेष रूप से ख्वाजा ने तो वह बहुत अच्छा था। मार्नस लाबुशेन के साथ उसकी साझेदारी काफी अच्छी थी।

### जडेजा से टिप्स लेना चाहते हैं कुहनेमैन

**इंदौर ।** भारतीय टीम को यहां पहली पारी में 109 रनों पर समेटने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलिया के युवा स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन भारतीय स्पिनरों रविंद्र जडेजा और आर अश्विन के प्रशंसक हैं। 26 साल के कुहनेमैन कुछ समय पहले शेफील्ड शील्ड में खेल रहे थे पर भारतीय पिचों में स्पिन को मिल रही सहायता को देखते हुए उन्हें टीम में जगह दी गयी। वह जडेजा और आर अश्विन के भी बड़े प्रशंसक हैं और उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखकर कुछ अहम गुर सीख रहे हैं पर उन्हें जडेजा से टिप्स लेने के लिए इस सीरीज के समाप्त होने का इंतजार करना होगा। कुहनेमैन ने अपने दूसरे ही टेस्ट में 16 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे। चेन्नई में छह महीने पहले एक 'स्पिन क्लिनिक में खेलने से भी कुहनेमैन को बेहतर गेंदबाज बनने में सहायता मिली। उन्होंने कहा, ''मैं जडेजा और अश्विन का बड़ा प्रशंसक हूं, इसलिए पिछले कुछ वर्षों में उन्हें गेंदबाजी करते हुए देख रहा हूं। यहां भारत में दर्शकों के निपटना और कितनी जल्दी चीजें बदलती हैं, यह देखना मानसिक तौर पर काफी कुछ सीखने वाला होता है। उन्होंने कहा, ''मैं और टॉड मर्फी छह महीने पहले चेन्नई में एमआरएफ के दौरे पर आए थे और वहां किये अभ्यास से भी मुझे लाभ मिला है। कुहनेमैन ने जडेजा को लेकर कहा, ''जिस तरह से वह अपनी क्रीज का इस्तेमाल करते हैं उससे मैंने उनसे यह सीख ली कि जब गेंद थोड़ी पुरानी हो जाती है तो वह फिर से अपनी लेंथ पर गेंदबाजी करने लगते हैं। उन्होंने कहा, ''दूसरे टेस्ट से मैंने यही चीज सीखी है और इस टेस्ट में उसका इस्तेमाल किया। नीची रहती पिच पर फुल लेंथ नहीं जाना चाहता।

# होल्कर स्टेडियम की पिच को लेकर कार्रवाई कर सकती है आईसीसी

## हेडन के बाद वेंगसरकर ने भी उठाये सवाल

इंदौर ।(एजेंसी)

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां होल्कर स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जिस प्रकार से पिच को लेकर सवाल उठे हैं। उससे अब इस मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भी कार्रवाई कर सकती है। इस पिच पर स्पिनर हावी रहे हैं और पहले ही दिन में 14 विकेट गिरे। भारतीय टीम के 109 रनों पर ऑलआउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी अपने चार विकेट गंवाये। मैच रैफरी क्रिस ब्रॉड के भी पिच की खराब प्रकृति पर संज्ञान देने से भी इससे औसत से कम रेटिंग मिलना तय है। इससे पहले नागपुर और दिल्ली की पिचों को भी औसत से कम रेटिंग अंक मिले थे। जिस प्रकार विकेट गिरे हैं उससे लग रहा है कि यह तीसरा टेस्ट भी पूरे पांच दिन नहीं चलेगा। पहले दोनो ही टेस्ट तीन दिनों में ही समाप्त हो गये थे। इस पिच की ऑस्ट्रेलियाई पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन के बाद भारतीय टीम के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने भी आलोचना की है। वेंगसरकर के अनुसार तीन दिन के अंदर टेस्ट समाप्त होने का तरीका ठीक नहीं कहा जा सकता है। वेंगसरकर ने कहा, अगर आप अच्छा क्रिकेट देखना चाहते हैं तो पिच से ही सारा अंतर पैदा होता है। आपके पास ऐसे विकेट होने चाहिए जहां बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को बराबरी का अवसर मिल सके। अगर पहले ही दिन और पहले ही सत्र से गेंद टर्न लेने लगेगी और वो भी असमान उछाल के साथ तो इससे टेस्ट क्रिकेट का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। वेंगसरकर ने कहा टेस्ट क्रिकेट के लिए दर्शकों का मैदान में आना सबसे अहम है। लोग तभी टेस्ट क्रिकेट देखने आएंगे, जब यह रोमांचक होगा। कोई भी दर्शक पहले ही दिन से गेंदबाजों को हावी होते हुए नहीं देखना चाहता। इससे पहले हैडन ने भी पिच को लेकर नाराजगी व्यक्त की थी।

**होलकर स्टेडियम पिच रिपोर्ट**



## मुम्बई इंडियंस को मिली राहत, पूरे आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे आर्चर

**मुम्बई ।** मुम्बई इंडियंस को आईपीएल के 16 सत्र से पहले राहत मिलती नजर आ रही है। उसके तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर फिट हैं और वह पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। आर्चर के रहने से टीम को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाहर होने की कमी भी नहीं खलेगी। बुमराह का सर्जरी के कारण आईपीएल के पूरे सत्र से बाहर होना तय है। बुमराह के नहीं होने से टीम अपनी गेंदबाजी को लेकर दबाव में थी पर अब जिस प्रकार से आर्चर के खेलने की बात सामने आ रही है उससे टीम को राहत मिलती दिख रही है। आर्चर को गत साल भी फ्रेंचाइजी ने 8 करोड़ रुपए में अपने साथ रखा था हालांकि वह फिट नहीं होने के कारण खेल नहीं पाये थे। इस बार उनके पूरे आईपीएल सत्र में खेलने की बात सामने आ रही है। ईसीबी ने कहा, उन्हें आईपीएल में पूरी तरह से खेलने में सक्षम होना चाहिए और हमेशा की तरह उनकी फ्रेंचाइजी और ईसीबी उनके कार्यभार का प्रबंधन करेंगे। हाल में आर्चर ने करीब डेढ़ साल के बाद एसए 20 लीग में एमआई केप टाउन की ओर से खेलते हुए मैदान में वापसी की है। आर्चर ने ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ मैच मै खेला था। इस मैच में वह अच्छी लय में दिखे और उन्होंने 10 ओवरों में 37 रन देकर 2 विकेट लिए। माना जा बांग्लादेश श्रृंखला के तत्काल बाद आर्चर आईपीएल के लिए मुम्बई इंडियंस के अभ्यास शिविर से जुड़ जाएंगे।




## उमेश ने युवराज और शास्त्री को पीछे छोड़ा

**इंदौर।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाजी उमेश यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने बल्लेबाजी से भी एक रिकार्ड बनाया है। एक सप्ताह पहले ही अपने पिता को खोने वाले उमेश ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 2 छक्के और एक चौके लगाकर 13 गेंद में 17 रन बनाये। उमेश ने अपनी इस छोटी सी पारी के दौरान पूर्व कप्तान विराट कोहली के एक अहम रिकॉर्ड की भी बराबरी करने के साथ ही पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह और रवि शास्त्री को भी पीछे छोड़ दिया। भारत की पहली पारी में अंतिम बल्लेबाज के तौर पर उतरे उमेश यादव ने ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन की गेंद पर दो छक्के लगाये। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में विराट की बराबरी कर ली। अब उनके भी विराट की ही तरह टेस्ट में 24 छक्के हो गए हैं। इसके साथ ही उमेश ने भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री और युवराज सिंह को भी पीछे छोड़ दिया। इन दोनो के ही नाम टेस्ट में 22-22 छक्के शामिल हैं। वीरेंद्र सहवाग ने टेस्ट में भारत की ओर से सबसे अधिक 91 छक्के लगाये हैं जबकि 78 छक्कों के साथ पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी दूसेर स्थान पर हैं।

# धोनी जैसे महान कप्तानों से प्रेरित हुआ : डु प्लेसिस



बेंगलुरू ।(एजेंसी)

दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर फॉफ डु प्लेसिस ने कहा है कि उन्हें आईपीएल खेलने के दौरान महेन्द्र सिंह धोनी जैसे महान कप्तान से सीखने को काफी कुछ मिला। प्लेसिस ने आईपीएल 2022 से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी संभाली थी और उनकी कप्तानी में आरसीबी ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था। तब टीम आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची थी। फाफ ने उन बातों को बताया है जिससे वह टीम का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित हुए । उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक क्रिकेटर के रूप में जिस क्षण ने मुझे फिर से पुष्टि की और मुझे बताया कि मैं इस स्तर पर हूं और मैं इस स्तर पर रहना चाहता हूं। मैंने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से सभी कुछ हासिल किया है। फाफ ने कहा, फिर अब मेरे जीवन के इस अगले अध्याय में मुझे नया उद्देश्य मिला और विशेष रूप से आरसीबी के साथ, जैसा कि मैंने कहा कि आपके पास कुछ ऐसा है जो वास्तव में आपके अंदर आपकी इच्छा को रोशन करता है। हां, मैं कुछ विशेष करना चाहता हूं और फिर आप उद्देश्य की एक नई भावना रखते हैं क्योंकि मैं सिर्फ खेलने के लिए नहीं खेलना चाहता। हमेशा कुछ ऐसा होता है जो मुझे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। फाफ न केवल एक कप्तान के रूप में में ही नहीं बल्कि बल्लेबाज के तौर पर भी आरसीबी की ओर से बेहतर प्रदर्शन किया। फाफ ने 16 मैचों में 3 अर्धशतकों के साथ 468 रन बनाए, जिसमें सर्वाधिक 96 रन भी शामिल हैं। वास्तव में, फाफ आईपीएल 2022 में सबसे अधिक रन बनाने वालों में सातवें स्थान पर थे। हालांकि कप्तान की भूमिका में परिपक्व होने के दौरान फाफ को उस लौकिक सीख मिली। इसके लिए फाफ ने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ अपने कार्यकाल के दौरान पूर्व एसए कप्तान ग्रीम स्मिथ और एमएस धोनी और स्टीफन फ्लेमिंग जैसे कप्तानों को देखने में बिताए दिनों को श्रेय दिया।

## जडेजा ने बनाया नया रिकार्ड



**इंदौर ।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 विकेट लेने और 5000 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव के ही नाम थी। जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को आउट करने के साथ ही यह उपलब्धि अपने नाम की है। यह टेस्ट क्रिकेट में उनका 260वां विकेट था, जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में विकेटों की संख्या बढ़कर 500 हो गयी है। पहुंच गई।स्पिन गेंदबाजी करने वाले जडेजा ने 171 एकदिवसीय में 189 विकेट और 64 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट लिए हैं। इसके अलावा जडेजा ने टेस्ट मैचों में 36.88 की औसत से 2619 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक भी शामिल हैं। एकदिवसीय में उनके नाम पर 2447 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 457 रन हैं। महान ऑलराउंडर कपिल देव यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के पहले खिलाड़ी थे। उन्होंने 131 टेस्ट में 434 विकेट और 225 एकदिवसीय मैचों में 253 विकेट लिए और इस प्रकार उनके नाम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 687 विकेट हैं। कपिल ने इसके अलावा टेस्ट मैचों में 5248 रन और एकदिवसीय में 3783 रन बनाए हैं। कपिल और जडेजा के अलावा विश्व क्रिकेट में करीब नौ खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि अपने नाम की है।



# नाश्ते में रवा उपमा खाने से मिलेंगे ये लाभ

**नाश्ते में अगर कुछ अच्छा (स्वादिष्ट और हेल्दी) खाने को मिल जाए तो पूरा दिन मूड अच्छा रहता है और आप अपनी प्रॉडक्टिविटी में भी अच्छा परिणाम देखते हैं। बस, जरूर इस बात की है कि हम सभी अपने काम और अपने शरीर की जरूरतों को समझें.लेकिन हममें से ज्यादातर लोग बस यहीं मात खा जाते हैं। आइए, जानते हैं दिन की बेहतर शुरुआत करने में रवा उपमा किस तरह हमारी सहायता कर सकता है.**

## रवा खाने के फायदे

- दक्षिणी भारत में सूजी को रवा कहा जाता है। उत्तर भारत और हिंदी भाषी राज्यों में सूजी का हलवा जिस तरह आय दिन घरों में बनता है और सभी बहुत चाव से खाते हैं। ठीक इसी तरह सूजी से तैयार उपमा यानी रवा उपमा दक्षिण भारत में बहुत अधिक लोकप्रिय भोजन है।
- रवा यानी सूजी गेहूं से तैयार होती है। यह फाइबर से भरपूर होती है इसलिए इसे पचाना हमारे पाचनतंत्र के लिए आसान होता है।
- फाइबर धीमी गति से डायजेस्ट होता है इसलिए यह लंबे समय तक हमारे शरीर को ऊर्जा देने का काम करता है।
- यानी रवा से बना उपमा खाने के बाद जल्दी से भूख नहीं लगती, नींद नहीं आती और आप लंबे समय स्वयं को तक ऊर्जावान महसूस करते हैं।
- रवा उपमा तैयार करते समय इसमें मौसमी सब्जियां मिलाई जाती हैं। यानी इसे खाने से आपको संपूर्ण पोषण प्राप्त होता है। सब्जियों से विटमिन्स और मिनरल्स साथ ही रवा से दिनभर के लिए ऊर्जा।
- रवा उपमा बनाने में मूंगफली और ड्राई फ्रूट्स का उपयोग किया जाता है। इन्हें खाने से आपको सभी जरूरी अमीनो एसिड्स, ओमेगा-3 फैटी एसिड, फॉलिक एसिड और विटमिन्स तथा मिनरल्स की प्राप्ति होती है।
- रवा उपमा फैट यानी वसा और हानिकारक कॉलेस्ट्रोल से पूरी तरह फ्री होता है। इसलिए यह आपके हार्ट की सेहत के लिए भी एक शानदार नाश्ता है। जो हृदय की पंपिंग को सही बनाए रखने और अपने पौषक तत्वों से रक्त का प्रवाह बनाए रखने का काम करता है।
- रवा उपमा खाने में बहुत अधिक स्वादिष्ट और साथ ही सेहत के गुणों से भरपूर होता है। इसलिए साउथ इंडिया से निकलकर इस फूड ने देश के हर हिस्से और घर में अपनी जगह बना ली है।
- आज के समय में पोहा (मुख्य रूप से मध्य भारतीय आहार) दही चूड़ा (मुख्य रूप से बिहार का भोजन) और रवा उपमा तथा इडली (दक्षिण भारतीय भोजन) अपने-अपने राज्यों की सीमाए पार कर नैशनल फूड बन चुके हैं।
- इसकी खास वजह है कि इन फूड्स को तैयार करने में कम समय लगता है। ये पौषक तत्वों से भरपूर होते हैं और कम ऑइली होने के कारण फिटनेस को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इसके साथ ही पाचन के लिहाज से बहुत अच्छे होते हैं तो इन्हें खाने के बाद आलस भी नहीं आता है।



# शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें

**शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें। ये आपको कई गंभीर बीमारियों की तरफ धकेल सकती है. चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, हमारे शरीर का 30 प्रतिशत हिस्सा तरल है और बाकी 70 प्रतिशत में अस्थि और मज्जा शामिल है। यही वजह है कि जल को जीवन की संज्ञा दी गई है। क्योंकि मनुष्य बिना भोजन के कुछ समय रह सकता है लेकिन बिना पानी के रहना असंभव होता है। यानी जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पानी तो हम सभी लोग पीते हैं लेकिन ज्यादातर लोग शरीर की जरूरत के अनुसार उचित मात्रा में पानी नहीं पीते हैं। यही कारण है कि हमारे समाज में बड़े स्तर पर सूखे की बीमारी से पीड़ित पेशंट देखे जा सकते हैं। खासतौर पर गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन के मरीजों की मानो बाढ़ आ जाती है।**

## हल्के में ना लें यह समस्या

- आमतौर पर शरीर में पानी की कमी होने को हम सभी बहुत हल्के में लेते हैं। यह एक बड़ी वजह है कि डिहाइड्रेशन के कारण बड़ी संख्या में रोगियों की मृत्यु हो जाती है। आइए, यहां जानते हैं शरीर के उन सामान्य लक्षणों के बारे में जो आपके शरीर में पानी की कमी को दर्शाते हैं। ताकि इन लक्षणों के आधार पर आप तुरंत इस समस्या से निजात पा सकें.

## पानी की कमी के सामान्य लक्षण

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो आपके होंठ बहुत सूखे-सूखे हो जाते हैं और उनकी बाहरी त्वचा फटने लगती है। कई बार होठों से खून भी आने लगता है।
- पानी की कमी के कारण गला लगातार सूखा बना रहता है और बार-बार प्यास लगने पर पानी पीने के बाद भी प्यास नहीं मिटती है।
- शरीर में पानी की कमी के कारण सीने पर हल्की जलन, पेट में एसिडिटी या असहजता हो सकती है। साथ ही मुंह से सांसों के साथ लगातार दुर्गंध आती है। ब्रश करने के बाद भी आप सांसों की दुर्गंध फील कर पाते हैं।

## यूरिन, स्किन और मसल्स पर असर

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो पेशाब गाढ़े पीले रंग का आता है। इसके साथ मात्रा में सामान्य से कम होता है और पेशाब के बाद प्राइवेट पार्ट में जलन या खुजली की समस्या हो सकती है।
- डिहाइड्रेशन से जूझ रहे लोगों के शरीर की त्वचा भी बहुत रूखी और बेजान नजर आती है। जो लोग लंबे समय से पानी की कमी से जूझ रहे होते हैं, उनकी त्वचा पर कम उम्र में ही झुर्रियां नजर आने लगती हैं।
- पानी की कमी से मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन और जकड़न की समस्या हो सकती है। इसके साथ ही सिर में लगातार दर्द बना रहता है। इस कारण रोगी का चेहरा मुर्झाया हुआ और तेजहीन लगता है।
- जो लोग शरीर की जरूरत के अनुसार पानी नहीं पीते हैं, उनकी आंखों के नीचे काले घेरे साफ देखे जा सकते हैं। इन लोगों की आंखें अंदर धसने लगती हैं और इन्हें हर समय कमजोरी का अहसास बना रह सकता है।



# सेहत समस्याओं से निजात पाने के लिए पुदीने के घरेलू नुस्खे

**गर्मियों का मौसम आते ही भूख कम लगने लगती है, पेट व त्वचा की गर्मी बढ़ जाती है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजें खाने की जरूरत होती है जो आपको ठंडक दे और पुदीना इस मौसम के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। गर्मियों में पुदीना या मिंट के अलग-अलग इस्तेमाल से कई सेहत लाभ पाए जा सकते हैं। आइए, जानते हैं पुदीना के ये 8 बेहतरीन घरेलू नुस्खे**

- पेट की गर्मी को कम करने के लिए पुदीने का प्रयोग बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा यह पेट से संबंधित अन्य समस्याओं से भी जल्द निजात दिलाने में लाभकारी है। इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है।
- दिनभर बाहर रहने वाले लोगों को पैर के तलवों में जलन की शिकायत रहती है, ऐसे में उन्हें फ्रिज में रखे हुए पुदीने को पीसकर तलवों पर लगाना चाहिए ताकि तुरंत राहत मिल सके। इससे पैरों की गर्मी भी कम होगी।
- सूखा या गीला पुदीना छाछ, दही, कच्चे आम के पने के साथ मिलाकर पीने पर पेट में होने वाली जलन दूर होगी और ठंडक मिलेगी। गर्मी हवाओं और लू से भी बचाव होगा।
- अगर आपको अक्सर टॉसिल्स की शिकायत रहती है और इसमें होने वाली सूजन से भी आप परेशान हैं तो पुदीने के रस में सादा पानी मिलाकर इस पानी से गरारे करना आपके लिए फायदेमंद होगा।
- गर्मी में पुदीने की चटनी का रोजाना सेवन सेहत से जुड़े कई फायदे देता है। पुदीना, काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, मुनक्का, जीरा, छुहारा सबको मिलाकर चटनी पीस लें। यह चटनी पेट के कई रोगों से बचाव करती है व खाने में भी स्वादिष्ट होती है। भूख न लगने या खाने से अरुचि होने पर भी यह चटनी भूख को खोलती है।
- पुदीने व अदरक का रस थोड़े से शहद में मिलाकर चाटने से खांसी ठीक हो जाती है। वहीं अगर आप लगातार हिचकी आने से परेशान हैं तो पुदीने में चीनी मिलाकर धीरे-धीरे चबाएं। कुछ ही देर में आप हिचकी से निजात पा लेंगे।
- पुदीने की पत्तियों का लेप करने से कई प्रकार के चर्म रोगों को खत्म किया जा सकता है। घाव भरने के लिए भी यह उत्तम है। इसके अलावा गर्मी में इसका लेप चेहरे पर लगाने से त्वचा की गर्मी समाप्त होगी और आप ताजगी का अनुभव करेंगे।
- पुदीने का नियमित रूप से सेवन आपको पीलिया जैसे रोगों से बचाने में सक्षम है। वहीं मूत्र संबंधी रोगों के लिए भी पुदीने का प्रयोग बेहद लाभदायक है। पुदीने के पत्तियों को पीसकर पानी और नींबू के रस के साथ पीने से शरीर की आंतरिक सफाई होगी।



# हल्की-हल्की भूख में लें इन तीन सूप का मजा

**नाश्ते के बाद और लंच से पहले वाली भूख को हैंडल करने के लिए ज्यादातर लोग चाय, कॉफी या फास्ट फूड और डिब्बाबंद फूड्स का सेवन करते हैं। लेकिन हम यहां आपको चंद मिनट में तैयार होनेवाले उन 3 खास सूप के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको 'अपनी तो लाइफ सेट है!' जैसा फील देंगे.**

## वेजिटेबल सूप

- मौसमी सब्जियों के साथ आप मिक्स वेज सूप तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप किसी एक सब्जी को उबालकर उसका सूप बनाएं और शिमला मिर्च, बीन्स, मशरूम, हरी प्याज और आलू को महीन टुकड़ों में काटकर इन्हें अलग उबाल लें।
- पहले से तैयार सूप में इन सब्जियों को मिलाएं और अपने स्वाद के हिसाब से काला नमक, जीरा पाउडर आदि मिलाएं। ध्यान रखें सूप को गाढ़ा करने के लिए कॉर्नफ्लोर मिलाया जाता है। आप इसका उपयोग कर सकते हैं लेकिन अधिक मात्रा में इसे मिलाने से बचें। नहीं तो यह आपके वजन को बढ़ाने की वजह बन सकता है।

## चुकंदर का सूप

- चुकंदर का सूप बनाने के लिए आप टमाटर, आलू, प्याज, लहसुन, काली मिर्च का पाउडर और नींबू का रस जैसी चीजों का उपयोग करते हैं। ये सभी बहुत पौष्टिक और सेहत को फिट रखनेवाली चीजें हैं।
- चुकंदर का सूप तैयार करने के लिए एक कुकर में बारीक कटे प्याज और लहसुन भून लें। इसके बाद कटे हुए चुकंदर, आलू और टमाटर डालकर भूनें। इन्हें दो मिनट पकाने के बाद कुकर को बंद कर दें और इसमें धीमी आंच पर 4 सीटी आने दें।
- तैयार मिश्रण को मिक्सी में डालकर पीसें और गाढ़ा लिक्विड तैयार करें। इसे छान लें और काली मिर्च पाउडर तथा नींबू का रस मिलाकर सूप तैयार करें और इसे हरी धनिया पत्तियों के साथ गार्निश करके सूप का लुत्फ उठाएं।

## मूंग दाल का शोरबा



- मूंग दाल का शोरबा मात्र 10 मिनट में तैयार हो जाता है। इसके लिए आप बिना छिलके की मूंग दाल को धुलकर कुकर में 3 से 4 सीटी लगा लें। इसे तैयार करते समय आपको पानी की मात्रा सामान्य दाल बनाने से दोगुना रखें और गैस की धीमी आंच पर रखकर ही पकाएं।
- अब इसमें हरी धनिया पत्ती, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटा कच्चा प्याज मिलाकर तड़का लगा दें। मसलों के नाम पर इसमें सिर्फ हल्दी पाउडर का उपयोग करें, हल्का काला नमक मिलाएं और काली मिर्च पाउडर मिक्स करके गर्मागर्म शोरबा का लुत्फ उठाएं।




# खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

**वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.**

## गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।




## डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए।

## मेटाबोलिज्म बढ़ाने के लिए चाय आजमाएं

अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।



## कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## सिलेरी जूस (अजमोद का रस)

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।



## वजन घटाने के पांच बुनियादी नियम भी जानें

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।

## ईरान ने जर्मनी के दो राजनयिकों को निष्कासित किया

तेहरान । ईरान ने कहा कि उसने अपने आंतरिक मामलों में जर्मनी के कथित हस्तक्षेप पर उसके दो राजनयिकों को निष्कासित किया है। इससे पूर्व घातक हमलों के आरोप में ईरान सरकार के एक आलोचक को मृत्युदंड देने के बाद जर्मनी ने दो राजनयिकों को निलंबित किया गया था। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने ''अत्यधिक मांगों को लेकर जर्मन राजदूत को तलब किया था। हालांकि इस बारे में विस्तार से नहीं जानकारी दी गई है। ईरान ने हाल के महीनों में कई बार यूरोपीय राजनयिकों को तलब किया है। ईरान ने पश्चिमी देशों पर देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया है। ईरान सरकार के आलोचक जमशीद शर्मद को मृत्युदंड देने के विरोध में जर्मनी ने उसके दो राजनयिकों को निष्कासित किया था। ईरान ने शर्मद पर 1979 की इस्लामिक क्रांति से पहले ईरान पर शासन करने वाले पश्चिम समर्थित राजशाही को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध एक समूह के सशस्त्र विंग का नेतृत्व करने का आरोप लगाया। शर्मद के परिवार ने कहा कि वह केवल विपक्षी समूह के प्रवक्ता थे और किसी भी हमले में उनके शामिल होने से इंकार किया। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने ईरान दूतावास के प्रभारी को पिछले हफ्ते तलब कर कहा कि जर्मन नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

## अमेरिकी सीमा अधिकारियों ने 2 भारतीयों सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया

न्यूयॉर्क । अमेरिकी सीमा अधिकारियों ने एक नौका के जरिए अवैध रूप से कनाडा से देश में दाखिल होने के लिए दो भारतीय नागरिकों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अमेरिका के सीमा गश्त अधिकारियों ने मिशिगन राज्य में एलगोनेक के निकट तस्करी के प्रयास के दौरान इन पांच विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी है। सीबीपी ने कहा कि 20 फरवरी को देर रात सेंट क्लेयर नदी पर एक नौका को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते हुए देखा गया, जिसके बाद तुरंत क्षेत्र में मौजूद अधिकारियों से संपर्क किया गया। अधिकारियों ने देखा कि दो प्रवासी पानी में भीगे हुए थे और कांप रहे थे। उन लोगों ने अधिकारियों को बताया कि नाव से उतरते समय वे नदी में गिर गए थे। इसके बाद सभी पांच व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया और आगे की प्रक्रिया के लिए एक स्थानीय स्टेशन ले जाया गया। सीबीपी ने कहा कि जांच के दौरान अधिकारियों को पता चला कि प्रवासियों में से दो भारत, एक नाइजीरिया, एक मैक्सिको और एक डोमिनिक रिपब्लिक से है।

## ग्रीस में ट्रेन हादसे में 38 लोगों की मौत, परिवहन मंत्री ने दिया इस्तीफा

### –उत्तरी यूनान में यात्री ट्रेन व मालगाड़ी की हुई टक्कर

टेम्पे । उत्तरी यूनान में मंगलवार देर रात एक यात्री ट्रेन और एक मालगाड़ी की टक्कर में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई तथा अनेक लोग घायल हो गए। हादसे के बाद देश के परिवहन मंत्री कोस्तास करामानलिस ने इस्तीफा दे दिया। करामानलिस ने कहा कि उन्हें लगता है कि ऐसे हादसे के चलते उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि यात्री ट्रेन राजधानी एथेंस से थेसालोनिकी की तरफ जा रही थी और इसमें सैकड़ों यात्री सवार थे, जिनमें कई छात्र भी शामिल थे, जो छुट्टियों के बाद विश्वविद्यालय लौट रहे थे। अधिकारियों के अनुसार एथेंस से लगभग 380 किलोमीटर उत्तर में स्थित टेम्पे के पास हुई घटना की वजह का अभी पता नहीं चला है, लेकिन नजदीकी शहर लारिसा के स्टेशन मास्टर को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके नाम का खुलासा नहीं किया है तथा दो और लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। सरकारी प्रसारक ईआरटी ने बताया कि मंगलवार आधी रात को जब यह हादसा हुआ तो यात्री ट्रेन 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चल रही थी। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि वहां स्टील के टुकड़े बिखरे पड़े थे। दोनों ट्रेन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थीं। घबराए यात्री डिब्बों से बाहर निकलते और रोते-बिलखते नजर आ रहे थे। यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने बुधवार को घटनास्थल का दौरा करने के दौरान कहा कि सरकार घायलों के इलाज और मृतकों की पहचान में मदद करेगी। मित्सोताकिस ने कहा कि मैं एक चीज की गारंटी दे सकता हूं कि हम इस त्रासदी की वजहों का पता लगाएंगे और हम हरसंभव प्रयास करेंगे कि इस तरह की घटना फिर कभी न हो। यूनान की राष्ट्रपति कैटरीना साकेलारोपोउलू ने घटनास्थल का दौरा करने के लिए मोल्दोवा की आधिकारिक यात्रा बीच में ही खत्म कर दी। सरकार ने बुधवार से तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। ब्रसेल्स में यूरोपीय आयोग की सभी इमारतों के बाहर ध्वज आधे झुके रहेंगे। पोप फ्रांसिस ने यूनान विशप कॉन्फ्रेंस के सुरक्षा को भेजे एक संदेश में मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बचावकर्ताओं ने मलबे से शव निकालने के लिए क्रेन और भारी मशीनरी तैनात की। कई शवों की हालत इतनी खराब है कि इनकी पहचान करने के लिए डीएनए जांच की आवश्यकता होगी। 'ग्रीक रेलरोड वर्कर्स यूनियन' के अध्यक्ष यानिस निव्सास ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों में दोनों ट्रेन के चालकों सहित कुल 8 रेलकर्मी भी शामिल हैं। यूनान की दमकल सेवाओं ने बताया कि बुधवार देर रात तक 57 लोग अस्पताल में भर्ती थे, जिनमें से छह गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती हैं। 15 से अधिक घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## आर्मेनिया में 32 सौ साल पुराना खजाना मिला, सोने से भरी मिली कब्र

येरेवान । आर्मेनिया में पुरातत्वविदों को एक प्राचीन कब्रिस्तान में खुदाई के दौरान 32 सौ साल पुराना खजाना मिला है। यहां लुटेरों ने कई सदियों तक खुदाई की और कंकालों से जो भी मिला उसे लूट लिया, लेकिन फिर भी यहां एक मकबरा कई सदियों से सुरक्षित था। यह खजाना आर्मेनिया में तुर्की की सीमा के पास मेट्समोर पुरातात्विक स्थल से मिला है। 400 ईसा पूर्व से 18वीं सदी तक ये जगह पूरी तरह वीरान थी। विशेषज्ञों का कहना है कि मेट्समोर का सबसे पुराना हिस्सा एक कब्रिस्तान के साथ दीवारों से घिरा हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पोलिश और आर्मेनियाई पुरातत्वविदों की एक संयुक्त टीम ने यहां खुदाई का फैसला किया। ऐतिहासिक पर्यावरण और सांस्कृतिक संग्रहालय के भंडार के अनुसार पुरातत्वविदों को एक पत्थर का कब्र मिली, जहां दो लोगों को दफन किया गया था। इस मकबरे का फर्श पत्थर का बना हुआ था। कंकाल पत्थर से ढंके गए थे। दोनों कंकालों की पीठ एक दूसरे के विपरीत थी। कंकाल एक महिला और एक पुरुष का है। माना जा रहा है कि ये दफन हो सकते हैं, जिन्हें 1200–1300 ईसा पूर्व दफन किया गया था। इस जोड़े की हड्डियां अच्छी तरह संरक्षित हैं। इन्हें देख कर पाया गया कि इनके पैर थोड़े मुड़े थे। उम्र की बात करें तो इनकी मौत 30–40 साल की उम्र में हुई होगी। इन्हें दफन करने के बाद मकबरे को फिर से खोलने का कोई संकेत नहीं दिखा। इस जोड़े के चारों ओर खजाना ही खजाना था। पुरातत्विदों को 100 से ज्यादा गहने और मनके मिले हैं। इनमें से कई सोने के पेंडेंट भी शामिल हैं। इस कब्र में मिली गोल मोती की तरह दिखने वाली चीजें सोने की हैं। साथ ही लाल–भूरा पत्थर मिला है, जो गहने का ही हिस्सा था। एक कंकाल की कलाई के चारों ओर कांस्य से बना कंगन मिला है। पुरातत्वविदों का कहना है कि एक पतली, टिन की अंगूठी दूसरे हाथ में मिली है। साइंस इन पोलैंड के मुताबिक मेट्समोर में लगभग 100 से ज्यादा कब्रों की खुदाई की गई है। अधिकांश कब्रों को लुटेरों ने लूट लिया था। इसके अलावा मेट्समोर में 11वीं से 9वीं शताब्दी ईसा पूर्व का एक किले का अवशेष मिला है। यह परिसर सात अभयारण्यों वाले मंदिरों से घिरा हुआ है।

## महिला जेलकर्मी कैदी को अपनी अश्लील फोटों भेंजकर ऐंठती थी पैसा

लंदन । आपने फिल्मों में देखा होगा कि किसतरह कैदियों के पास मोबाइल फोन सप्लाई होते हैं, और वहां अंदर से ही जुर्म की दुनिया में अपना खौफ बनाते हैं। मगर हाल ही में ऐसी ही घटना ब्रिटेन में हुई है इस घटना ने सभी को चौंका दिया है। यहां जेल में कैदी के पास फोन मिला ही, साथ में उस फोन पर एक महिला पुलिसकर्मी की अश्लील फोटोज भी मिलीं, यह देखकर जेल प्रशासन के होश उड़ गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक 25 साल की रेचल मार्टिन जेल में गार्ड थीं और वहां उनका चक्कर 40 साल के एक कैदी से चल रहा था, जिसका नाम रेमंड अब्राहम था। हैरानी की बात है कि रेचल, अब्राहम के एक बड़े राज के बारे में जानती थीं, फिर भी उन्होंने किसी अन्य पुलिसकर्मी को इसकी सूचना नहीं दी। जब उस फोन की तलाशी ली गई, तब उसमें से रेचल की दर्जनों अश्लील फोटोज बरामद हुईं। बाद में इस बात का खुलासा हुआ कि रेचल उन फोटोज को भेजने के बदले अब्राहम से पैसे लेती थी।



तल अवीव में इजरायली पुलिस के एक वाहन को घेरे हुए प्रदर्शनकारी। ये लोग एक कानून का विरोध कर रहे हैं।

## पाकिस्तान में एक दर्जन आतंकवादी संगठन, उस अमेरिकी मदद नहीं मिलानी चाहिए : हेली

वाशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली ने कहा है कि पाकिस्तान में कम से कम एक दर्जन आतंकवादी संगठन मौजूद हैं, इसकारण पाकिस्तान को अमेरिका से मदद नहीं मिलनी चाहिए।



हेली (51) ने साल 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पिछले महीने औपचारिक रूप से अपना प्रचार अभियान शुरू किया था। हेली ने ट्वीट किया, पाकिस्तान में कम से कम एक दर्जन आतंकवादी संगठन मौजूद हैं। उसे किसी तरह की मदद नहीं मिलनी चाहिए।

पिछले कुछ दिन से हेली अमेरिकी विदेश नीति पर बात करती रही हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि अमेरिका को चीन व रूस के मित्र और सहयोगी देशों को कोई वित्तीय सहायता नहीं देनी चाहिए। इससे पहले, एक लेख में हेली ने कहा था कि वह अमेरिका से नफरत करने वाले चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के लिए वित्तीय मदद बंद कर देंगी।

## भारत यात्रा पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराएंगे ब्लिंकन : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन। (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराएंगे। ब्लिंकन (60) पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा के बाद बुधवार रात नयी दिल्ली पहुंचे। वह मुख्य रूप से जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्से लेने के लिए भारत आए हैं, जिसके इतर वह क्वाड (चतुष्पक्षीय संवाद समूह) देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठक करेंगे और उनके साथ एक पैनल चर्चा में भी हिस्सा लेंगे।

'क्वाड' में अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''विदेश मंत्री ब्लिंकन अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराएंगे और दोनों देशों के बीच आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने तथा सहयोग का विस्तार करने के लिए क्वाड जैसे समूहों में साथ मिलकर काम करना जारी रखने को लेकर भी प्रतिबद्धता जाहिर करेंगे।''



ब्लिंकन विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। ब्लिंकन के नयी दिल्ली पहुंचते ही उनके उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, ''नमस्ते इंडिया।'' पटेल ने कहा, ''मंत्री ब्लिंकन जी-20 एफएमएम (विदेश मंत्री बैठक) में हिस्सा लेने और अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए नयी दिल्ली पहुंचे हैं,जिसकी (साझेदारी की) नींव लोकतंत्र तथा नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रणाली के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सहित हमारे साझा मूल्यों पर रखी गई है।

## मूडीज की चेतावनी, पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार निचले स्तर पर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)** पाकिस्तान के गहरे आर्थिक संकट के बीच मुश्किलें लगातार बढ़ती ही दिख रही हैं। अब मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने पाकिस्तान सरकार की स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारी करने वाली एजेंसी और सीनियर इनसिक्योर्ड डेट रेटिंग को सीएए1 से घटाकर सीएए 3 कर दिया है। मूडीज ने कहा कि पाकिस्तान में नकदी की बढ़ती नाजुक स्थिति 'डिफॉल्ट जोखिम' के खतरे को बढ़ा देती है।

एजेंसी ने कहा कि इसने देश की रेटिंग को 'नकारात्मक से स्थिर' में बदल दिया है। मूडीज ने साथ ही कहा कि पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 'बेहद निचले स्तर' तक गिर गया है और यह देश की तत्काल और मध्यम अवधि के विदेशी भुगतानों को पूरा करने की स्थिति में भी नहीं है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि पाकिस्तानी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से फंड पाने के लिए हाल में टैक्स से जुड़ी कुछ शर्तों को लागू किया है और आईएमएफ का फंड मिलने से इस अपनी तत्कालिक जरूरतों को पूरा करने में मदद भी मिल सकती है।

मूडीज ने पाकिस्तान को जो स्टेबल रेटिंग दी है, वह बताता है कि पाकिस्तान जिन दबावों का सामना कर रहा है, वे मोटे तौर पर संतुलित जोखिमों के साथ सीएए3 रेटिंग स्तर के अनुरूप हैं। सूत्रों के हवाले से बताया कि वित्त एवं राजस्व मंत्रालय ने भी पाकिस्तान राजस्व महालेखाकार को केंद्रीय मंत्रालयों/खंडों और संबंधित विभागों के सभी बिलों की मंजूरी पर अगला आदेश आने तक रोक लगाने का निर्देश दे दिया है।

## अमेरिका के शीर्ष सांसदों ने चीन को अमेरिका के 'अस्तित्व के लिए खतरा करार दिया

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के शीर्ष सांसदों ने चीन को अमेरिका के 'अस्तित्व के लिए खतरा करार दिया है। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत वाली प्रतिनिधि सभा में चीन पर हुई पहली चर्चा में देश के शीर्ष सांसदों ने यह विचार व्यक्त किया। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले चीन से मिल रही चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने के लिए देश के भीतर और अपने सहयोगियों के साथ समन्वय में हर संभव प्रयास करने का आह्वान भी किया। अमेरिका लंबे अरसे से चीन के व्यवहार को आक्रामक बताता आ रहा है। चीन की चुनौतियों को संबोधित करने के मुद्दे पर चर्चा के लिए प्रतिनिधि सभा में हाल ही में 'हाउस सलेक्ट कमेटी ऑन द चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी नाम की एक समिति का गठन किया गया है।

समिति के अध्यक्ष माइक गॉलाघर ने अपने पहले संबोधन में कांग्रेस सदस्यों से कहा, 'यह विनम्रता के साथ खेला जाने वाला कोई टेनिस मैच नहीं है। यह अस्तित्व से जुड़ा संघर्ष है, जो तय करेगा कि 21वीं सदी में जीवन कैसा होगा। इसमें सबसे मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता दांव पर हैं।' पूर्व मरीन और खुफिया अधिकारी गॉलाघर ने कहा, 'हमें तत्परता से कार्य करना चाहिए। अगले दस वर्षों में हमारे द्वारा अपनाई जाने वाली नीति अगले सौ वर्षों के लिए मंच तैयार करेगी।' भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने भी गॉलाघर की बात का समर्थन करते हुए चीन से उत्पन्न खतरों को रेखांकित किया।

## कई इलाकों में आतंकवादियों ने बनाए अपने चेक पोस्ट, तालिबान के साथ पाक सरकार की बातचीत भी नाकाम

### – तालिबान ने दिखाया ठेंगा तो पाक ने विशेष राजदूत से ले लिया इस्तीफा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में पाकिस्तान की रणनीति बुरी तरह से नाकाम हो चुकी है। जिस तालिबान को पाकिस्तान ने पलक पांवड़े पर बैठाया, अब वही डस रहा है। पाकिस्तान का कबायली इलाका अशांत बना हुआ है। अगस्त 2021 के बाद से ही इन इलाकों में आतंकवादी गतिविधियां काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। कई इलाकों में तो आतंकवादियों ने अपने चेक पोस्ट बना लिए हैं। तालिबान के साथ पाकिस्तान सरकार की बातचीत भी नाकाम ही रही है। इस कारण पाकिस्तान सरकार ने अफगानिस्तान के लिए अपने विशेष प्रतिनिधि अनुभवी राजनयिक मोहम्मद सादिक का इस्तीफा ले लिया है।

पूर्व राजदूत ने मीडिया से कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री को सौंप दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका इस्तीफा पीएम शहबाज ने स्वीकार कर लिया है। बाद में कैबिनेट विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री के विशेष सहायक के तौर पर सादिक का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। सादिक को जून 2020 में महत्वपूर्ण अफगान पद पर नियुक्त किया गया था।

2016 में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभाग के सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए सादिक दिसंबर 2008 और अप्रैल 2014 के बीच काबुल में पाकिस्तान के राजदूत थे। उन्होंने लगभग डेढ़ साल तक विदेश कार्यालय के प्रवक्ता के रूप में भी काम किया। वह वाशिंगटन डीसी (1998-2000), बीजिंग (1994-1998) और ब्रुसेल्स में भी तैनात थे। पाकिस्तान सरकार ने अफगानिस्तान पर कब्जे में तालिबान की खुलकर मदद की थी। दावा किया जाता है कि तालिबान को असलहे, गोला-बारूद और इटेलिजेंस पाकिस्तानी सेना और आईएसआई की तरफ से दिया जाता था। काबुल पर कब्जे के बाद भी पाकिस्तान ने विद्रोहियों के गढ़ पंजशीर पर कब्जे में मदद की थी। इसके लिए तत्कालीन आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद काबुल पहुंचे थे। पाकिस्तान को आशा थी कि इसके बदले तालिबान टीटीपी आतंकियों को मनाने में सफल रहेगा।

## यूएस में भारतीय इंजीनियर को धोखाधड़ी का दोषी करार दिया गया

न्यूयार्क। अमेरिका में क्रिप्टो मुद्रा से संबंधित कंपनी में काम करने वाले भारतीय मूल के 27 वर्षीय इंजीनियर को धोखाधड़ी का दोषी करार दिया गया है। दोषी निषाद सिंह 'एफटीएक्स ट्रेडिंग लिमिटेड' में इंजीनियर के तौर पर काम करता था। सिंह पर एफटीएक्स में एक बहु-वर्षीय योजना में इक्विटी निवेशकों को धोखा देने का आरोप है। सिंह, सैमुअल बैंकमैन-फ्राइड और गैरी वांग ने मिलकर इस कंपनी की शुरुआत की थी। पिछले साल दिसंबर में, संघीय अधिकारियों ने बैंकमैन-फ्राइड पर 'एफटीएक्स' में इक्विटी निवेशकों को धोखा देने के लिए एक योजना बनाने का आरोप लगाया था।

## पति ने की मशहूर मॉडल की हत्या, फिर सूप के बरतन में छिपा दिया सिर, श्रद्धा हत्याकांड की यादें हो गई ताजा

**हांग कांग (एजेंसी)।** चीन में एक मशहूर मॉडल एबी चोई की हत्या कर दी गई है। इस हाई प्रोफाइल मर्डर की घटना के सामने आने के बाद दिल्ली में हुए श्रद्धा हत्याकांड की यादें भी ताजा हो गई है। मॉडल एबी चोई की हत्या बेहद बेरहम तरीके से की गई है। दरअसल मॉडल की हत्या करने के बाद उसके शव के टुकड़े किए गए और उसे फ्रिज में छिपा कर रखा गया।

पुलिस को मृतक मॉडल का शव टुकड़ों में फ्रिज से बरामद हुआ है। पुलिस को युवती का सिर सूप के बर्तन से मिला है। इसे छिपा कर सब्जियों के बीच फ्रिज में रखा गया था। बता दें कि ऐसा ही कुछ दिल्ली में हुए श्रद्धा वॉकर मर्डर मामले में भी हुआ था, जहां आरोपी आफताब ने अपनी लिव इन पार्टनर श्रद्धा की हत्या कर उसके शव के टुकड़ों को ठिकाने लगाने से पहले फ्रिज में रखा था।

जानकारी के मुताबिक 21 फरवरी को हांगकांग की मशहूर मॉडल एबी चोई लापता हुई थी। हाई प्रोफाइल मामला होने के कारण पुलिस ने तत्काल मॉडल की तलाश शुरू की। इस दौरान पुलिस ने तेजी से मामले की छानबीन की। पुलिस को एक घर की जानकारी मिली जहां अंतिम बार मॉडल एबी चोई को देखा गया था। ये घर ताई पो जिले में है।



जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने इस घर में छापेमारी की। पुलिस को तलाशी के दौरान घर में एबी कही नहीं मिली। इसी बीच घर के फ्रिज में पुलिस ने खोजा तो पुलिस दंग रह गई। पुलिस को फ्रिज में इंसान के दो पैर, मांस मिला। पुलिस ये देखते ही हैरान रह गई। मॉडल एबी चोई हांग कांग की सबसे मशहूर मॉडल में शुमार थी।

पुलिस को फ्रिज में से एक इलेक्ट्रिक आरी, मांस काटने की मशीन और महिला के कपड़े भी बरामद हुए है। हालांकि फ्रिज में मॉडल की पूरी लाश नहीं मिली है, जिसके बाद पुलिस ने तलाशी तेज कर दी है। जानकारी के मुताबिक जिस बाउल में से सिर मिला है उसमें सूप और कई सब्जियां भी पड़ी थी। पुलिस ने इस मालमे में शव के टुकड़ों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि अब तक पुष्टि नहीं हुई है कि सिर मॉडल का ही है क्योंकि सिर पर खाल नहीं थी।

## पाकिस्तान एक साल में कैसे चुकाएगा कुल 22 अरब डॉलर का कर्ज

### – पाकिस्तान की संप्रभु क्रेडिट रेटिंग को सीएए1 से घटकर सीएए3 पर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** इस्लामाबाद (ईएमएस)। पाकिस्तान अब तक के सबसे गंभीर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या नकदी की तंगी वाला देश अपने कर्ज और उसके ब्याज को चुकाने में सक्षम होगा। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक स्टेट बैंक ऑफ पंजाब के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2022 तक पाकिस्तान सरकार का बाहरी कर्ज 17.87 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये था। वहीं 17 फरवरी 2023 को पाकिस्तान का शुद्ध विदेशी मुद्रा भंडार 3.2 अरब डॉलर था। इस बीच चीनी विकास बैंक ने पाकिस्तान को 700 मिलियन डॉलर का कर्ज देने का ऐलान किया है। इससे पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से कुछ दिनों की मोहलत जरूर मिल जाएगी, लेकिन खतरा पूरी तरह से टलेगा नहीं। पाकिस्तान को अगले 12 महीनों में लगभग 22 अरब डॉलर के विदेशी ऋण और ब्याज चुकाने होंगे।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने पाकिस्तान की संप्रभु क्रेडिट रेटिंग को सीएए1 से घटाकर सीएए3 कर दिया है। यह पिछले तीन दशकों में पाकिस्तान की सबसे कम रेटिंग है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने कहा कि पाकिस्तान का तेजी से कम होता मुद्रा भंडार डिफॉल्ट होने के जोखिमों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाती है। मूडीज ने पाकिस्तान के आउटलुक को भी नकारात्मक से स्थिर में बदल दिया। यह तब हुआ है, जब पाकिस्तान सरकार 1.1 लाख करोड़ डॉलर के ऋण के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ बातचीत कर रही है। यह बातचीत पिछले साल के अंत से लंबित है।

मूडीज का अनुमान है कि जून 2023 को खत्म होने वाले शेष वित्तीय वर्ष के लिए पाकिस्तान की बाहरी पैसों की जरूरत लगभग 11 बिलियन डॉलर होगी। इसमें 7 बिलियन डॉलर का बकाया बाहरी ऋण भुगतान भी शामिल है। पाकिस्तानी एक्सपर्ट्स के अनुसार देश का चालू खाता घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच आयात में कमी होने से सप्लाई चेन के ठप पड़ने की आशंका बढ़ गई है। आयात पर प्रतिबंधों से पाकिस्तान में जरूरी वस्तुओं की कमी भी होने लगी है। लोगों के पास अनाज, तेल, साबुन के अलावा अब दवाइयों की भी किल्लत है।

कर्ज के बोझ तले दबे पाकिस्तान का चीन के बैंकों से कर्ज लेना जारी है। पिछले हफ्ते चीन विकास बैंक (सीडीबी) के बोर्ड ने बुधवार को पाकिस्तान के लिए 700 मिलियन डॉलर की क्रेडिट सुविधा को मंजूरी दी। गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार चीन का पाकिस्तान पर 30 अरब डॉलर का कर्ज है, जो पहले से ही इस्लामाबाद ने चीनी सरकार और चीनी वाणिज्यिक बैंकों से लिया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान पर डिफॉल्ट जोखिम बढ़ रहा है। पाकिस्तान को अगले 12 महीनों में लगभग 22 अरब डॉलर के विदेशी ऋण और ब्याज चुकाने होंगे।

स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के आंकड़ों के अनुसार पाकिस्तान को एक साल में कुल 21.95 अरब डॉलर का कर्ज चुकाना है। इसमें कुल कर्ज के मूलधन में 19.34 अरब डॉलर और ब्याज में 2.60 अरब डॉलर की रकम शामिल है। एसबीपी डेटा में अगले 12 महीनों में कोई विदेशी ऋण प्रवाह नहीं होने का अनुमान लगाया गया है। इससे पाकिस्तान का आर्थिक संकट और ज्यादा गहरा सकता है। पाकिस्तान को अपनी स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे और कर्ज लेने से बचना होगा। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023 के पहले सात महीनों के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह 44.2 प्रतिशत घटकर 683.5 मिलियन डॉलर रह गया। यह पिछले साल इसी अवधि में 1.22 बिलियन डॉलर था। पाकिस्तान में सरकार का वित्तीय वर्ष की शुरुआत 1 जुलाई से होता है और 30 जून को समाप्त होता है।

## मुझे कभी कोई डरा नहीं पाया चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने लगाई सीनियर वकील को फटकार

नई दिल्ली । भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सीनियर अधिवक्ता विकास सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुए कोर्ट से बाहर निकल जाने के लिए कहा दिया। इतना ही नहीं चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने सख्त लहजे में कहा कि मुझे कभी कोई डरा नहीं पाया है। दरअसल विकास सिंह सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के जमीन आवंटन मामले को लेकर कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने आवंटित हुई 1.33 एकड़ जमीन को वकीलों के लिए चैंबर्स ब्लॉक में तब्दील किए जाने के मामले को लिस्ट किए जाने के लिए जिस लहजे में कोर्ट में पैरवी की वो चीफ जस्टिस को पसंद नहीं आया और वकील को फटकार लगाई। तुरंत अदालत छोड़ने का दिया आदेश बार एंड बेंच के मुताबिक आवंटित भूमि मामले को लेकर वकील विकास सिंह ने कहा कि केस पिछली छह बार में लिस्ट नहीं हो पाया है। जिस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि इसे सामान्य प्रक्रिया में सूचीबद्ध किया जाएगा। इस पर वकील ने कहा कि तब मुझे इस मामले को आगे बढ़ाना होगा और आपके घर आना पड़ेगा। इससे चीफ जस्टिस काफी नाराज हो गए और उन्होंने कहा कि सिंह को तुरंत अदालत छोड़ने का आदेश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें डराया नहीं जाएगा और सिंह के साथ अन्य वादी की तरह ही व्यवहार किया जाएगा।



## मोदी सरकार ने नीरव और माल्या जैसे भगौड़ों से 180 बिलियन डॉलर की वसूली की

नई दिल्ली । केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने दावा किया हैं कि प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले पांच वर्षों में विशेष रूप से नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 2018 में आर्थिक अपराधी अधिनियम पारित करने के बाद आर्थिक अपराधियों और भगौड़ों से अनुमानित 180 बिलियन डॉलर की वसूली की है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जी20 देशों के वर्किंग ग्रुप की बैठक में केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि भ्रष्ट लोग अपराध से अर्जित आय को ठिकाने लगाने का तरीका ढूंढते हैं और यह ऐसी रकम है, जिसका इस्तेमाल गलत कामों में होता है। यह आतंकवादियों की फंडिंग का प्रमुख स्रोत है। युवाओं का जीवन बर्बाद करने वाले ड्रग्स से लेकर मानव तस्करी तक लोकतंत्र को कमजोर करने वाली गतिविधियों से लेकर अवैध हथियारों की बिक्री तक ये काली कमाई कई विनाशकारी कृत्यों की फंडिंग करती है। भारत ने भगौड़े अपराधियों के तेजी से प्रत्यर्पण और चोरी गई संपति की विदेश से जप्ती को सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय के बजाय बहुपक्षीय कार्रवाई पर जोर दिया है। इसलिए अहम है कि नीरव मोदी और विजय माल्या सहित कई भगौड़े आर्थिक अपराधियों को भारत लाने का सरकार प्रयास कर रही है। नीरव और माल्या, दोनों ही बैंकों से धोखाधड़ी के आरोपी हैं।

## बंगाल में तेजी से बच्चों में फैल रहा एडिनोवायरस, ममता सरकार ने बुलाई बैठक

कोलकाता । कोरोना के बाद अब एक और वायरस पैर पसार रहा है। इसका नाम एडिनोवायरस है। फिलहाल ये वायरस पश्चिम बंगाल में तेजी से फैल रहा है। एडिनोवायरस की चपेट में छोटे बच्चे आ रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, बंगाल में एडिनोवायरस की वजह से अब तक 12 बच्चों की मौत हुई है। इनमें से आठ वे बच्चे थे, जो पहले से किसी न किसी बीमारी से जूझ रहे थे। हालांकि, प्रशासन ने पिछले 24 घंटों में हुई मौतों को एडिनोवायरस डेथ नहीं माना है। उनका कहना है कि इस मौसम में ये संक्रमण (एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन) आम है। प्रशासन ने बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने की तैयारी कर रखी है। 600 बाल रोग विशेषज्ञों के साथ 121 अस्पतालों में पांच हजार बेड तैयार रखे हैं। ममता सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बीते एक महीने में एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन (एआरआई) के 5,213 मामले सामने आए हैं। एआरआई एक मौसमी समस्या है। इसतरह के मामले इसलिए ज्यादा सामने आ रहे हैं, क्योंकि बीते दो साल में कोविड के कारण ये पकड़ में नहीं आ सका था। एडिनोवायरस इन्फेक्शन एक वायरल बीमारी है, जो एडिनोवायरस की वजह से होती है। ये रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट यानी सांस की नली पर हमला करता है। इससे संक्रमित होने पर आम कोल्ड जैसा संक्रमण होता है। अमेरिका के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल (सीडीसी) के अनुसार एडिनोवायरस से किसी भी उम्र का व्यक्ति कभी भी संक्रमित हो सकता है। छोटे बच्चों को इससे ज्यादा खतरा है। पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि दो साल तक के बच्चों को इसका सबसे ज्यादा खतरा है। इससे बड़ी उम्र के बच्चों के इससे संक्रमित होने के कम उम्मीद है। इससे संक्रमित होने पर कॉमन कोल्ड या फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसके अलावा बुखार, गले का सूखना, एक्यूट ब्रोंकाइटिस जैसी समस्या भी आती है। इसके अलावा निमोनिया, आंखों में गुलाबीपन, डायरिया, उल्टी और पेट दर्द जैसी शिकायत भी होती है। कुछ लोगों को ब्लेडर इन्फेक्शन भी हो सकता है। चूंकि ये वायरल बीमारी है, इसकारण किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से संक्रमण फैल सकता है। हवा के जरिए भी खांसने या छींकने से ये फैल सकता है।

## मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के प्रधानमंत्री बनने की संभावना : फारुख अबदुल्ला

जम्मू । जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अगर विपक्षी दल एक साथ आते हैं और अगले साल आम चुनाव जीतते हैं तो द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के शीर्ष नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। स्टालिन के जन्मदिवस समारोह में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचने पर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में एकजुट विपक्ष की जीत के बाद उचित समय पर देश को एकजुट करने उसका नेतृत्व करने के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति पर निर्णय लिया जा सकता है। स्टालिन के प्रधानमंत्री बनने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, क्यों नहीं? वह प्रधानमंत्री क्यों नहीं बन सकते? विपक्षी एकता के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्टालिन और द्रमुक ने बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि जब देश की विविधता की रक्षा होती है तो एकता की रक्षा की जाती है। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी ने विपक्ष और राष्ट्रीय एकता को पोषित करने को लेकर अच्छा काम किया है।

## सिसोदिया ने शराब घोटाले का केस लड़ने अभिषेक मनु सिंघवी को दिए 18.97 करोड़ रुपए : मनोज तिवारी

### –मनोज तिवारी ने स्पेशल कॉउंसल्स को किए गए भुगतान का डिटेल भी किया शेयर

नई दिल्ली । भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने शराब घोटाले से बचने के लिए जनता के टैक्स के करोड़ों रुपए खर्च करने का आरोप मनीष सिसोदिया पर लगाते हुए खुलासा किया है कि शराब घोटाले से बचने के लिए मनीष सिसोदिया ने कांग्रेस नेता और वकील अभिषेक मनु सिंघवी को 18.97 करोड़ रुपए केस लड़ने के लिए दिए हैं। मनोज तिवारी ने स्पेशल कॉउंसल्स को किए गए भुगतान का डिटेल शेयर करते हुए ट्वीट कर लिखा कि शराब घोटाले से बचने के लिए मनीष सिसोदिया ने कांग्रेस नेता व वकील अभिषेक मनु सिंघवी को 18.97 करोड़ रुपये केस लड़ने को दिए। मनोज तिवारी ने अदालत में शराब नीति के मुकदमें में कुल मिलाकर 21.50 करोड़ रुपए के लगभग की भारी–भरकम राशि खर्च करने का दावा करते हुए आगे लिखा कि करीब 21.50 करोड़ रुपए तो सिर्फ शराब नीति के केसों के लिए वकीलों को गया है, तो सोचो घोटाला कितना बड़ा होगा। यह पैसा उनकी कमाई का नहीं, बल्कि जनता के टैक्स का था। मनोज तिवारी द्वारा ट्विटर पर शेयर किए गए दस्तावेजों के मुताबिक वकीलों की लिस्ट में सबसे ज्यादा भुगतान कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी को किया गया है। सिंघवी को पिछले एक वर्ष और आठ महीने के दौरान 18.97 करोड़ रुपए केस लड़ने के लिए दिए गए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता भी शराब घोटाले के मामले में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को उचित ठहरा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के ही एक वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा सिसोदिया का मुकदमा लड़ने ने कांग्रेस के धर्म संकट को भी उजागर कर दिया है।

# ममता बनर्जी ने कांग्रेस-माकपा और भाजपा पर अनैतिक गठबंधन का लगाया आरोप, बोलीं- लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी टीएमसी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी सीट पर हुए विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने जबरदस्त जीत हासिल की है। इसके साथ एक कांग्रेस ने विधानसभा में अपना खाता भी खोला है। 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पश्चिम बंगाल में एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसके बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने बड़ा दावा किया है। ममता बनर्जी ने साफ तौर पर कहा है कि भाजपा ने सागरदिघी विधानसभा चुनाव में अपने वोट कांग्रेस को ट्रांसफर किए हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने कांग्रेस माकपा और भाजपा के बीच अनैतिक गठबंधन का आरोप लगा दिया। इस मौके पर ममता बनर्जी ने ऐलान किया कि तृणमूल कांग्रेस 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी।

दरअसल, विपक्षी एकता के बीच ममता बनर्जी ने विपक्षी दलों को यह बड़ा झटका दिया है। विपक्ष के कई बड़े नेताओं की ओर से 2024 चुनाव को लेकर गठबंधन की कवायद की जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी लगातार समान विचारधारा वाले दलों से एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने की अपील कर रहे हैं। लेकिन कहीं ना कहीं पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्य में ममता बनर्जी का अकेले चुनाव लड़ना विपक्षी एकता के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। सागरदिघी विधानसभा सीट पर उपचुनाव तृणमूल कांग्रेस के विधायक के निधन के बाद कराया गया था। पहले माना जा रहा था कि टीएमसी और भाजपा के बीच में जबरदस्त टक्कर होगी। लेकिन कहीं ना कहीं कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में बड़ा खेल करते हुए तृणमूल कांग्रेस को बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

सागरदिघी विधानसभा उपचुनाव के नतीजे पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि इसी मुर्शिदाबाद में तृणमुल ने पुलिस की मदद से लोगों पर अत्याचार कर, उन्हें लालच देकर कितनी बार कांग्रेस को हराया है। तब मैंने कहा था कि कांग्रेस हारने वाली नहीं है और आज ये सिद्ध हो गया कि कांग्रेस हारने वाली नहीं हराने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि तृणमुल ने मुसलमानों के साथ गद्दारी की है, पूरे बंगाल के मुसलमान जानते हैं कि तृणमुल भाजपा की दलाली करती है। मुसलमान एक बार ठगा सकते हैं लेकिन हमेशा नहीं।



## राजनाथ ने विजय संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ, बोले- कांग्रेस जितना कीचड़ उछालेगी, उतना ही कमल खिलेगा

**बेलगावी (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज कर्नाटक में हैं। कर्नाटक के बेलगावी में भाजपा की 'विजय संकल्प यात्रा' का शुभारंभ किया। इस दौराना उन्होंने लोगों से राज्य में भाजपा सरकार बनाने की अपील की। आपको बता दें कि कर्नाटक में इस साल विधानसभा के चुनाव होने है। भाजाप वहां सत्ता में है और दोबारा वापसी के लिए पूरी मेहनत कर रही है। चुनावी रणनीति को धार देने के लिए भाजपा की ओर से राज्य में' विजय संकल्प यात्रा' निकाली जा रही है। बुधवार को इसकी शुरुआत पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं मानता हूं कि कर्नाटक की धरती सदैव वीरता और शौर्य की साक्षी रही है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि बीएस येदियुरप्पा ने स्वास्थ्य कारणों से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और बसवराज बोम्मई पिछले 1.5 वर्षों से कर्नाटक में सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि बी एस येदियुरप्पा ने कई दशकों तक 'भूमिपुत्र' के रूप में पार्टी और राज्य की सेवा की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की तरह बी.एस. येदियुरप्पा चाहते हैं कि पांच साल के लिए फिर से कर्नाटक में बीजेपी की सरकार बने ताकि कर्नाटक को अगले पांच साल में दक्षिण भारत का नंबर एक राज्य बनाया जा सके।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल ही में जब एयर इंडिया ने बोइंग और एयरबस को 470 विमानों का ऑर्डर दिया, तो यह एविएशन इंडस्ट्री का सबसे बड़ा ऑर्डर था। कर्नाटक में काम करने वाली सभी एयरोस्पेस और सॉफ्टवेयर कंपनियों को भी इस आदेश से लाभ होगा। उन्होंने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि हर दिन कांग्रेस के युवा नेताओं को लॉन्च किया जाता है। इतना नीचे गिर गए हैं कि कहते हैं, मोदीजी, तेरी कब्र खोदी जाएगी; वे अपनी ही कब्र खोद रहे हैं। कांग्रेस जितना कीचड़ उछालेगी, उतना ही कमल खिलेगा।



राजनाथ ने कहा कि इस धरती से सूर्य वीरों ने जन्म लिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये विजय संकल्प यात्रा है और आप सब संकल्प लीजिए कि एक बार फिर से 2/3 बहुमत से बीजेपी की सरकार बनाएंगे और नए कर्नाटक का निर्माण करेंगे। इस मौके पर रक्षा मंत्री के अलावा राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्य भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कटील भी मौजूद रहें। इसके पहले जेपी नड्डा ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे भ्रष्टाचार, कमीशन, भाई-भतीजावाद और विभाजन पर भरोसा करने वाली पार्टी करार दिया, वहीं अपनी पार्टी को कर्नाटक के विकास के लिए जरूरी बताया।

## अतीक अहमद की 40 संपत्तियों का रिकॉर्ड खंगाल रहा पुलिस और प्रशासन

### – क्या उन्हें अवैध तरीकों से खरीदा गया

**प्रयागराज (एजेंसी)।** यूपी की प्रयागराज पुलिस और जिला प्रशासन ने जेल में बंद गैंगस्टर अतीक अहमद की 40 संपत्तियों को शॉर्टलिस्ट कर यह पता लगाने के लिए रिकॉर्ड खंगाल रही हैं, कि क्या उन्हें अवैध तरीकों से खरीदा गया था। पुलिस, राजस्व और प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के अधिकारी कसारी मसरी, करेली, हरवारा, सादियापुर, मुंडेरा, अटाला, गद्दोपुर और जिले के अन्य इलाकों में अतीक की संपत्तियों का विवरण एकत्र कर रहे हैं। बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के प्रमुख गवाह उमेश पाल की हत्या में अतीक और उसके परिवार के सदस्यों का नाम आने के बाद 2018 में शुरू हुई कार्रवाई तेज हो गई है।



नवंबर 2022 में, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अतीक की अवैध संपत्ति पर एक डोजियर तैयार किया था और बाद में प्रयागराज, कौशांबी और लखनऊ में कई संपत्तियों को कुर्क किया था। डोजियर के अनुसार, पुलिस पहले ही गैंगस्टर एक्ट के तहत अतीक और उसके परिजनों की 150 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर चुकी है। साथ ही प्रयागराज और आसपास के जिलों में 180 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को ध्वस्त किया जा चुका है।

साथ ही, उसके गिरोह के सदस्यों और करीबी सहयोगियों की 85 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है और अब तक 570 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को ध्वस्त किया है। पुलिस ने पिछले पांच वर्षों में गिरोह के एक दर्जन से अधिक शस्त्र लाइसेंसों को कुर्क, जब्त और निलंबित या रद्द किया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, हमने प्रयागराज और पड़ोसी जिलों में काम शुरू किया है। पुलिस ने गैंगस्टर और उसके सहयोगियों के आर्थिक साम्राज्य को अन्य राज्यों में भी ध्वस्त करने के लिए एक योजना तैयार की है। अतीक वर्तमान में गुजरात की साबरमती जेल में बंद है, जबकि उसके कई सहयोगी भी यूपी की विभिन्न जेलों में बंद हैं।

## चीन के विदेश मंत्री के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली । महिला कांग्रेस ने राष्ट्रपति भवन में चल रहे जी–20 की बैठक में शामिल होने आए चीन के विदेश मंत्री किन गैंग के विरोध में प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के विजय चौक पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व करती हुई महिला कांग्रेस प्रमुख नेट्टा डिसूजा ने कहा कि हम चीन का विरोध इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने हमारी सेना को मारा है। उन्होंने कहा कि गलवान और डोकलाम में भारतीय सैनिकों का अपमान करने वाले चीन से कोई बात नही होनी चाहिए। डिसूजा ने कहा कि चीनी विदेश मंत्री का हमारी धरती पर गर्मजोशी से स्वागत सेना का अपमान नहीं तो और क्या है? पीएम मोदी लाल आंख दिखाने की सिर्फ बात करते हैं, असलियत तो कुछ और ही नजर आ रही है। इसी मुद्दे पर बहरी सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए हमने राष्ट्रपति भवन के पास फ्लैश प्रोटेस्ट किया। हालांकि चीन के विदेश मंत्री के खिलाफ महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विजय चौक पर रोक दिया गया और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। गौरतलब है कि जी–20 विदेश मंत्रियों की राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस बैठक में कुल 40 देशों का प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहा है। इस बैठक से पहले चीन के विदेश मंत्री किन गैंग ने कहा कि भारत के साथ अपने संबंधों को महत्व देते हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध दोनों ही देशों के लिए और यहां के लोगों के लिए बुनियादी हित में है।



# अहमदाबाद के साइबर ठग अब हैकिंग, फिशिंग व अन्य साइबर ठगी सीखने जा रहे नाइजीरिया

### – थ्योरी से लेकर प्रैक्टिकल तक की हो रही पढ़ाई

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** कोविड महामारी के बाद दुनिया तेजी से बदल रही है। देशों ने डिजिटल की राह तेजी से पकड़ लिया है। इस दौरान प्रोफेशनल्स ने महसूस किया है कि तकनीकी परिवर्तनों के साथ तालमेल बैठाने के लिए रीस्किलिंग और अपस्किलिंग आवश्यक है। हालांकि, यह चलन सिर्फ कॉरपोरेट्स तक ही सीमित नहीं रह पाया। साइबर अपराधी भी अपने काम में महारत हासिल करने में जुट गए हैं। जामताड़ा, अलवर और मेवात जैसे घरेलू केंद्रों से सेक्स्टॉर्शन से लेकर ओएलएक्स स्कैम तक साइबर फ्रॉड करना सीखने के बाद अहमदाबाद के साइबर ठग अब हैकिंग, फिशिंग और अन्य साइबर ठगी में ट्रेनिंग प्राप्त करने के लिए नाइजीरिया जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अहमदाबाद के कुछ युवा लोगों को सफलतापूर्वक ऑनलाइन धोखा देने के तरीके पर प्रैक्टिकल से लेकर थ्योरी की पढ़ाई करने के लिए नाइजीरिया गए हैं। गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब बड़े बदमाश स्थानीय जालसाजों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। इससे पहले अहमदाबाद से अपराधी झारखंड के जामताड़ा, हरियाणा के मेवात, राजस्थान के अलवर और भरतपुर ट्रेनिंग के लिए जा चुके हैं।

एक अधिकारी ने पुष्टि की कि उनके पास जानकारी है कि तीन या चार पुरुष एक महीने के प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए पिछले साल नाइजीरिया गए थे। घटना की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि वहां ठगी के तमाम गुर उन्हें सिखाए जाते हैं। उन्हें इसके बारे में थ्योरी से लेकर प्रैक्टिकल तक की शिक्षा दी जाती है। उनके अधिकांश लक्ष्य यूरोपीय देशों या अमेरिका के लोग हैं। सूत्र ने आगे बताया कि प्रैक्टिकल में इंटर्न्स को सिखाया जाता है कि कैसे आसानी से अपने टारगेट को एक जाल में फंसाना है। उन्हें सिखाया जाता है कि या तो अपने पैसे से लक्ष्य को लुभाएं या धमकाएं।

**भारत के 22 शहरों से किया गया था 65 संदिग्धों को गिरफ्तार**

इंटर्न को यह भी सिखाया जाता है कि फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल कैसे बनाए जाते हैं, जिनका इस्तेमाल टारगेट के संपर्क में रहने के लिए किया जाता है। नई दिल्ली में एक कानून प्रवर्तन एजेंसी के साथ काम करने वाले एक सूत्र ने कहा कि नाइजीरिया से प्रशिक्षण लेने के बाद अहमदाबाद के कुछ युवा नई दिल्ली के उत्तमनगर इलाके में बस गए, जहां से उन्होंने अपना नेटवर्क संचालित करना शुरू किया। मालूम हो कि पिछले साल दिल्ली की साइबर पुलिस इकाई द्वारा एक व्यापक अभियान के कारण भारत के 22 शहरों से 65 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था।

## फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों के मौजूदा कामकाज से बहुत संतुष्ट नहीं: रीजीजू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय विधि मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों के मौजूदा कामकाज से बहुत संतुष्ट नहीं है। उन्होंने इस तरह की अदालतों की क्षमता बढ़ाने के लिए जांच एजेंसियों और फोरेंसिक प्रयोगशालाओं को मजबूत करने की वकालत की। रीजीजू ने यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में अपने संबोधन में किसी व्यक्ति या राज्य का नाम लिये बिना कहा कि कुछ उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों को और अधिक काम करना होगा। फास्ट ट्रैक विशेष अदालत (एफटीएससी) योजना को न्याय विभाग के अधीन संचालित किया जा रहा है।



कानून मंत्री ने कहा, ''मुझे सुनिश्चित करना है कि जो भी विधायी काम किये जाने हैं, जमीन पर किये जाएं।'' उन्होंने कहा, ''यह केंद्र प्रायोजित योजना है और शुरू में 2019 में एक साल के लिए शुरू हुई थी जिसे बढ़ा दिया गया है और योजना के आगे विस्तार की प्रक्रिया चल रही है। मैं आश्वासन दे सकता हूं कि हम इसे आगे बढ़ाएंगे।'' रीजीजू ने अपने भाषण में एफटीएससी के संबंध में आंकड़े साझा करते हुए कहा, ''मार्च 2018 में मामलों के लंबित रहने के आधार पर न्याय विभाग ने कुल 1,023 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें चिह्नित कीं जिन्हें बलात्कार और पॉक्सो कानून से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए 31 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में लागू किया जाना था। इनमें 389 विशेष पॉक्सो अदालत हैं।''

उन्होंने बताया कि इन 1,023 एफटीएससी में से 769 अदालत अभी तक 28 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शुरू हो चुकी हैं और 1,37,000 से अधिक मामलों का निस्तारण कर चुकी हैं। रीजीजू ने यहां विज्ञान भवन में राष्ट्रीय अधिवेशन में अपने संबोधन में कहा कि कानूनी प्रावधानों के अतिरिक्त भी काम करना होगा और समाज को महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए आगे आना होगा।

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने राकांपा के नेता नवाब मलिक को 'राष्ट्र-विरोधी' कहा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जेल में बंद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता तथा राज्य के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को बृहस्पतिवार को 'राष्ट्र-विरोधी' कहा और विपक्ष के विरूद्ध पूर्व में की गई टिप्पणी वापस लेने से मना कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी राष्ट्र-विरोधी व्यक्ति को राष्ट्र-विरोधी कहना अपराध है, तो वह 50 बार ऐसा करेंगे। मलिक दाउद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़े धनशोधन मामले में पिछले साल गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद हैं। शिंदे ने राज्य की विधानसभा परिषद में यह आरोप लगाया। इससे एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने विपक्षी पार्षदों को कथित तौर पर 'राष्ट्र-विरोधी' कहने के लिए शिंदे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस दिया था।

रविवार को, राज्य विधानसभा के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर, विपक्ष ने मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित परंपरागत चाय पार्टी का बहिष्कार किया था। बाद में, विपक्ष के बहिष्कार का जिक्र करते हुए शिंदे ने कहा कि इसकी वजह से वह ÷राष्ट्र-विरोधियों÷ के साथ चाय पीने से बच गए। उन्होंने कहा था कि यह अच्छा है कि विपक्ष चाय पार्टी में नहीं आया क्योंकि उनमें से कुछ के आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के साथ संबंध हैं। शिंदे की इस टिप्पणी से नाराज विपक्ष ने उनके खिलाफ परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे के कार्यालय में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था।

शिंदे ने इस मुद्दे पर उच्च सदन में कहा, ÷प्राप्त जानकारी से संकेत मिलता है कि राकांपा नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक ने अवैध रूप से जमीन खरीदी थी, जो कथित तौर पर 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के मुख्य आरोपी दाऊद इब्राहिम से जुड़ी थी।' उन्होंने कहा, 'दाऊद ने न केवल यहां लोगों की जान ली बल्कि हमारे देश के खिलाफ आतंकवाद का समर्थन भी किया। कोई कैसे उन लोगों का समर्थन कर सकता है जो उससे जुड़े हुए हैं? मलिक वास्तव में राष्ट्र-विरोधी हैं और मैं अपनी टिप्पणी वापस नहीं लूंगा।'



## एक्टर अरशद वारसी पर सेबी ने लगाया 1 साल का बैन

### – यूट्यूब पर कर रहे थे निवेशकों को गुमराह, पत?नी और साले पर भी कार्रवाई

**मुंबई (एजेंसी)।** अगर आप भी यूट्यूब पर शेयर बाजार और स्टॉक से जुड़े 'ज्ञान' परोस रहे हैं तो सावधान हो जाइए। सेबी ने ऐसे ही मामले में बॉलीवुड एक्टर अरशद वारसी पर सख्त कार्रवाई की है। सेबी ने अरशद सहित 45 यूट्यूबर्स को शेयर पंप एंड डंप योजना में दोषी पाया है। इन लोगों पर निवेशकों को गुमराह करने और शेयर बाजार को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा है।

सेबी लंबे समय से यूट्यूब इंफ्लूएंशर्स पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा था। इस बार में दो साल पहले ही नियम बनाने की कवायद शुरू हो गई थी। सेबी ने कहा है कि मामले में दोषी पाए गए अरशद वारसी सहित कई यूट्यूबर्स निवेशकों को गुमराह करके अपना वॉल्यूम बढ़ा रहे थे और महीने में 75 लाख रुपये तक की कमाई कर रहे थे। सभी दोषियों पर कार्रवाई करते हुए सेबी ने बाजार में ट्रेडिंग से तत्काल रोक लगा दी है। मामले में अरशद वारसी और उनकी पत्नी पर भी पाबंदी लगाई गई है। मारिया गोरेटी को भी सेबी ने बाजार में ट्रेडिंग से बैन लगा दिया है।

शेयरों की पंप एंड डंप स्कीम को फाइनेंशियल फ्रॉड यानी वित्तीय धोखाधड़ी की कैटेगरी में रखा गया है, इसमें ट्रेड होने वाले किसी स्टॉक को ऊपर चढ़ाने या गिराने की टैक्टिस अपनाई जाती है। यूट्यूब इंफ्लूएंशर्स अपने चैनल के जरिये किसी एसेट को बढ़ावा देते हैं और जब वह प्रॉफिट के स्तर पर पहुंच जाता है तो उसकी बिकवाली शुरू कर देते हैं। ऐसी ही ट्रिक किसी शेयर की कीमत को गिराकर उसे खरीदने के लिए भी अपनाई जाती है। सेबी ने अपने आदेश में कहा है कि अरशद वारसी और उनकी पत्नी भी यूट्यूब चैनल के जरिये शेयर पंप एंड डंप का खेल चला रहे थे। मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स के बारे में गलत जानकारी के जरिये निवेशकों को प्रभावित कर रहे थे और ज्यादा संख्या में लोगों को आकर्षित करने के लिए अपने चैनल पर पैसे देकर एड भी चलवाते थे। मीडिया के अनुसार ताजा मामले में एक टीवी चैनल को लेकर यूट्यूबर्स ने निवेशकों को गुमराह किया और उसके शेयरों की कीमत बढ़वाई। नेट प्रॉफिट तक पहुंचने ही इन लोगों ने शेयर बेचकर मुनाफा कमा लिया। सेबी का कहना है कि ऐसे यूट्यूबर्स पंप एंड डंप के जरिये ही महीने में 75 लाख रुपये तक कमा रहे थे।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# साऊथ ज़ोन-बी कनकपुर सचीन में बकाया राशि होने से लगया होर्डिंग और सोसायटी के नाम



















| क्रम | सोसायटी का नाम | क्रम | सोसायटी का नाम | क्रम | सोसायटी का नाम | क्रम | सोसायटी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १- | तिरुमति नगर | १२- | गरीबनवाज नगर | २३- | काशीनाथविश्वनाथ | ३४- | सूडा सेक्टर-१ |
| २- | तिरुमति नगर | १३- | विशाल नगर | २४- | बजरंग नगर | ३५- | सूडा सेक्टर-२ |
| ३- | आलिफ नगर-१ | १४- | इस्माईल नगर | २५- | शिव साईं-१ | ३६- | सूडा सेक्टर-३ |
| ४- | जलाराम नगर | १५- | सायरानगर | २६- | शिव शंक्तिनगर | ३७- | जमशेदनगर/जलारामनगर |
| ५- | शालीमार पार्क | १६- | श्री साईनगर | २७- | सलासर | ३८- | साईदर्शन |
| ६- | उन आवास | १७- | न्यू ग्रीन पार्क | २८- | राधव नगर | ३९- | साई आशीष सोसायटी |
| ७- | सिद्की नगर सोसायटी-२ | १८- | योगेश्वर नगर | २९- | अतीक नगर | ४०- | न्यू कैलाश सोसायटी |
| ८- | सिल्क हेरिटेज सोसायटी | १९- | सिद्धिविनायक | ३०- | जिलानीनगर | ४१- | साई भूपत सोसायटी |
| ९- | विशाल नगर | २०- | हरीदर्शन सोसायटी | ३१- | डायमंडईको | ४२- | जलाराम सोसायटी |
| १०- | विसात रेसी. | २१- | शिव साईं -२ | ३२- | कृष्णा रो हॉउस | ४३- | संगीता पार्क सोसायटी-२ |
| ११- | मारुतिनगर | २२- | लक्ष्मी नगर | ३३- | कृष्णा पार्क | ४४- | कृष्णा नगर-१ |
| | | | | | | ४५- | श्री राम नगर |

